twitter.com/divyadelhi facebook.com/divyadelhi infodivyadelhi@gmail.com Editor: Rajesh Chauhan

RNI No. DELHI/2013/54397

DD

# दिव्य दिल्ली

divyadelhi.com | बुधवार, 09 जुलाई, 2025 | वर्षः 12, अंकः 233, पृष्ठः 08 | ₹ 05/- | दिल्ली से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र


## नेतन्याहू ने ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया

**वाशिंगटन**

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है। नेतन्याहू ने सोमवार रात व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ रात्रिभोज के अवसर पर मुलाकात की और उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार समिति को सौंपा गया पत्र भी भेंट किया। बाद में उन्होंने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान इस बात की जानकारी दी। एबीसी न्यूज और सीबीएस न्यूज के अनुसार, पत्रकारों से बातचीत में प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने राष्ट्रपति ट्रंप के शांति और सुरक्षा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ट्रंप एक के बाद एक क्षेत्र में शांति स्थापित कर रहे हैं। इसलिए उनका नाम नोबेल पुरस्कार समिति को भेजा है। ट्रंप शांति पुरस्कार के हकदार हैं। उन्हें यह सम्मान मिलना ही चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि इजराइल और हमास के बीच 60 दिन के युद्ध विराम के प्रस्तावित समझौते पर अभी काम चल रहा है। इस साल व्हाइट हाउस में दोनों नेताओं की यह तीसरी मुलाकात है। नेतन्याहू ने व्हाइट हाउस में ईरान के खिलाफ हमलों के बारे में कहा, "यह एक ऐतिहासिक जीत है। इसने मध्य पूर्व का चेहरा बदल दिया है।" ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि अब वह गाजा संघर्ष को जल्द ही समाप्त होते देखना चाहते हैं। वाशिंगटन में इजराइल के पूर्व राजदूत माइकल ओरेन ने कहा कि आने वाला समय बहुत सकारात्मक होगा। रविवार को वाशिंगटन के लिए रवाना होने से पहले नेतन्याहू ने तेल अवीव में कहा था, "यह मौका साझा दुश्मन (ईरान) पर बड़ी जीत का जश्न मनाने का है। अब गाजा में लड़ाई में 60 दिनों का विराम लगेगा। गाजा में सहायता पहुंचाई जाएगी और क्षेत्र में बंधक बनाए गए शेष 50 लोगों मुक्त कराने की कोशिश की जाएगी।

## डॉलर की तुलना में मजबूत हुआ रुपया

**नई दिल्ली**

अमेरिका के साथ ट्रेड डील होने की संभावना, कच्चे तेल की कीमत में आई गिरावट और डॉलर की मांग में कमी आने के कारण आज डॉलर की तुलना में रुपया 26 पैसे की मजबूती के साथ 85.68 (अस्थायी) के स्तर पर बंद हुआ। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय मुद्रा 54 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ 85.94 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी।

# मोदी को ब्राजील के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा

## भारत और ब्राजील के बीच छह महत्वपूर्ण समझौतों और सहमति-पत्रों पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली**

भारत और ब्राजील के बीच छह महत्वपूर्ण समझौतों और सहमति-पत्रों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। ये समझौते आतंकवाद और संगठित अपराध से मुकाबले, नवीकरणीय ऊर्जा, जन-स्तर पर लागू डिजिटल समाधान साझा करने, बौद्धिक संपदा सहयोग, कृषि अनुसंधान और गोपनीय सूचना की सुरक्षा से संबंधित हैं। इन समझौतों से दोनों देशों के बीच रणनीतिक सहयोग को नई गति मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के बीच मंगलवार को हुई द्विपक्षीय वार्ता में अगले पांच वर्षों में दोनों देशों के व्यापार को 20 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया। दोनों नेताओं के बीच व्यापार, रक्षा, स्वास्थ्य, अंतरिक्ष, नवीकरणीय ऊर्जा, खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा, डिजिटल अवसंरचना, संस्कृति और जन-जन संपर्क जैसे अनेक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर व्यापक चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने आतंकवाद पर शून्य सहनशीलता और शून्य दोहरे मापदंड की नीति को दोहराया और वैश्विक मुद्दों पर साझा दृष्टिकोण प्रस्तुत किया उन्होंने विशेष रूप से महत्वपूर्ण खनिजों, नई और उभरती तकनीकों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सुपरकंप्यूटर, डिजिटल सहयोग और गतिशीलता के नए क्षेत्रों में भी साझेदारी के नए अवसर तलाशने पर बल दिया।

वहीं ब्राजील की राजकीय यात्रा पर आज राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी को देश के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द साउदर्न क्रॉस से भी सम्मानित किया





## द्विपक्षीय बैठक के बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त वक्तव्य दिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा की ब्राजील के अल्वोराडा पैलेस में हुई द्विपक्षीय बैठक के बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त वक्तव्य दिया। अपने वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद ब्राजील की एकजुटता और समर्थन के लिए राष्ट्रपति लूला का धन्यवाद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और ब्राजील की यह साझेदारी वैश्विक स्थिरता और संतुलन का अहम स्तंभ है। दोनों देश एकमत हैं कि सभी विवादों का समाधान संवाद और कूटनीति के माध्यम से ही



होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आतंकवाद पर दोहरे मापदंडों के लिए कोई स्थान नहीं है और भारत जीरो टोलरेंस एंड जीरो डबल स्टैंडर्ड की नीति का पालन करता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-ब्राजील का सहयोग न केवल ग्लोबल साउथ, बल्कि पूरी मानवता के लिए प्रासंगिक है।

उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि वैश्विक मंचों पर ग्लोबल साउथ की चिंताओं और प्राथमिकताओं को उठाना भारत का नैतिक दायित्व है। प्रधानमंत्री मोदी को ब्राजील के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान ह्यग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द साउदर्न क्रॉसह्न से भी सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें राष्ट्रपति लूला द्वारा व्यक्तिगत रूप से प्रदान किया गया। इस पर प्रधानमंत्री ने 140 करोड़ भारतीयों की ओर से आभार व्यक्त किया और ब्राजील के राष्ट्रपति को भारत यात्रा के लिए आमंत्रित किया।

## अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर बढ़ी बात



### कभी भी हो सकता है अंतरिम समझौते का ऐलान

**नई दिल्ली**

भारत की अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर चल रही बातचीत आखिरी दौर में पहुंच गई है। अब जल्दी ही टैरिफ को लेकर अंतरिम समझौते का ऐलान हो सकता है। बताया जा रहा है कि दोनों देशों के बीच अंतरिम समझौते का मसौदा भी साझा किया जा चुका है और इस मसौदे पर परस्पर सहमति भी बन चुकी है।वाणिज्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव स्तर के एक अधिकारी ने इस संबंध में बताया कि इस समझौते के तहत भारत के टेक्सटाइल, लेदर और जेम्स एंड ज्वेलरी प्रोडक्ट्स पर छूट मिलने की बात तय की गई है। इसके साथ ही इस समझौते से एग्री फूड प्रोसेसिंग सेक्टर से जुड़े ज्यादातर प्रोडक्ट्स बाहर हो सकते हैं। इसी तरह अमेरिका के कई औद्योगिक उत्पादों पर भी भारत इंपोर्ट ड्यूटी को जीरो लेवल पर ला सकता है। बताया जा रहा है कि टैरिफ को लेकर होने वाले इस अंतरिम समझौते के तहत भारत और अमेरिका की तरफ से साझा बयान जारी किया जा सकता है। पहले इस बात का अनुमान था कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने जिस तरह सोमवार रात 14 देशों के नाम एकतरफा तरीके से नई टैरिफ व्यवस्था को लेकर चिट्ठी जारी की थी, उसी तरह भारत के साथ भी ट्रेड डील को लेकर एकतरफा समझौते का ऐलान किया जा सकता है। हालांकि सूत्रों का दावा है कि भारत सरकार ने एकतरफा ऐलान करने की बात का विरोध किया है और समझौते को लेकर साझा बयान जारी करने की बात पर बल दिया है।

## घरेलू वेज थाली जून में 8% सस्ती हुई

### आलू, प्याज और टमाटर के दाम घटने का असर, नॉन-वेज थाली की कीमत में भी 6% गिरावट



**नई दिल्ली**

भारत में एक घरेलू वेजिटेरियन थाली की कीमत जून में (सालाना आधार पर) 8% घटकर 27.10 रुपए हो गई है। पिछले साल जून - 2024 में वेज थाली की कीमत 29.40 रुपए थी। कैपिटल मार्केट कंपनी क्रिसिल ने अपने फूड प्लेट कॉस्ट के मंथली इंडिकेटर में इस बात की जानकारी दी।

क्रिसिल ने अपनी राइस रोटी रेट रिपोर्ट में बताया कि वेजिटेरियन थाली की कीमत मई की तुलना में जून में 3% बढ़ी है। मई में वेज थाली की कीमत 26.20 रुपए थी। वहीं, नॉन-वेज थाली की कीमत जून में सालाना आधार पर 6% घटकर 54.80 रुपए हो गई है। पिछले साल जून-2024 में नॉन वेज थाली की कीमत 58 रुपए थी। मंथली बेसिस पर यानी मई की तुलना में जून में नॉन-वेज थाली की कीमत 4% बढ़ी है। मई में नॉन-वेज थाली की कीमत 52.60 रुपए थी। क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, आलू, प्याज और टमाटर के दाम घटने के चलते वेज थाली की कॉस्ट में कमी हुई है।

## ट्रेड यूनियन्स का दावा-25 करोड़ कर्मचारी आज हड़ताल पर, बैंक-डाकघर में काम बंद रहेगा

**नई दिल्ली**

बैंक, बीमा, डाक, कोयला खनन, हाईवे, निर्माण, और कई राज्यों में सरकारी परिवहन जैसी अहम सेवाएं कल यानी 9 जुलाई को प्रभावित हो सकती हैं।

ऐसा इसलिए क्योंकि 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और उनके सहयोगी संगठनों का दावा है कि देशभर में कल 25 करोड़ से ज्यादा कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे।

ट्रेड यूनियंस निजीकरण और 4 नए लेबर कोड्स के विरोध में हैं। ये केंद्र की उन नीतियों का विरोध कर रही हैं, जिन्हें वे मजदूर-विरोधी, किसान-विरोधी और कॉर्पोरेट समर्थक मानती हैं।



पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे के मुताबिक देश में पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर में 56 करोड़ कर्मचारी है। इसमें इनफॉर्मल सेक्टर में 50 करोड़ और फॉर्मल सेक्टर में 6 करोड़ कर्मचारी है।

**फॉर्मल और इनफॉर्मल सेक्टर में अंतर?**

फॉर्मल सेक्टर मतलब वो नौकरियां या बिजनेस जहां सब कुछ साफ-साफ और नियमों के तहत होता है। जैसे सरकारी दफ्तर, बैंक, बड़ी फैक्ट्रियां, या मल्टीनेशनल कंपनियां। यहां सैलरी फिक्स्ड होती है, प्रोविडेंट फंड, हेल्थ इंश्योरेंस, और छुट्टियां जैसे फायदे मिलते हैं।

इनफॉर्मल सेक्टर वो है जहां काम ढीले-ढाले ढंग से होता है और ज्यादा नियम-कानून नहीं होते। जैसे छोटी दुकानें, स्ट्रीट वेंडर, ऑटो रिक्शा ड्राइवर, या घरों में सिलाई का काम। यहां सैलरी या कमाई तय नहीं होती, कोई या इंश्योरेंस नहीं मिलता।

## किसान ईंधनदाता भी बन रहे: नितिन गडकरी




**गौतमबुद्ध नगर**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को ग्रेटर नोएडा में 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान के अंतर्गत आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम 'स्वच्छता ही सेवा 2025' अभियान के तहत आयोजित किया गया था। इस अवसर पर नितिन गडकरी ने पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और भारत के ऑटोमोबाइल क्षेत्र की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री वर्तमान में लगभग 22 लाख करोड़ रुपये की हो चुकी है। इस क्षेत्र ने लगभग 4.5 करोड़ युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार दिया है। इसके अलावा, यह इंडस्ट्री केंद्र और राज्य सरकारों को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के माध्यम से सबसे अधिक राजस्व प्रदान करती है। भारत के निर्यात क्षेत्र में भी इस उद्योग का योगदान सर्वोपरि है।

नितिन गडकरी ने वैश्विक स्तर पर ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री की तुलना करते हुए कहा कि अमेरिका इस क्षेत्र में पहले स्थान पर है, जिसकी ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री का आकार 78 लाख करोड़ रुपये है। दूसरे स्थान पर चीन है, जिसकी इंडस्ट्री का साइज 49 लाख करोड़ रुपये है। भारत तीसरे स्थान पर है और लक्ष्य है कि अगले पांच वर्षों में भारत इस क्षेत्र में पहला स्थान हासिल करें। यह हमारे लिए न केवल आर्थिक दृष्टि से बड़ा अवसर है, बल्कि पर्यावरण की दृष्टि से एक गंभीर चुनौती भी है।

गडकरी ने कहा कि भारत हर साल लगभग 22 लाख करोड़ रुपये का जीवाश्म ईंधन (फॉसिल फ्यूल) आयात करता है, जिससे न केवल आर्थिक दबाव बढ़ता है, बल्कि पर्यावरणीय संकट भी गहराता है।

## कोलकाता लॉ छात्रा गैंगरेप मामले में भाजपा टीम ने नड्डा को सौंपी रिपोर्ट

**नई दिल्ली**

कोलकाता लॉ छात्रा गैंगरेप मामले की जांच के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा गठित चार सदस्यीय तथ्यान्वेषी दल ने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा को अपनी रिपोर्ट सौंप दी। मंगलवार को नड्डा के आवास पर तथ्यान्वेषी दल के सदस्यों ने अपनी रिपोर्ट सौंपी। इस तथ्यान्वेषी समिति में पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व पुलिस अधिकारी सत्यपाल सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी, लोकसभा सदस्य बिप्लब कुमार देब, राज्यसभा सदस्य मनन कुमार मिश्रा शामिल हैं। मंगलवार को जेपी नड्डा ने ट्वीट कर कहा कि



कोलकाता में विधि छात्रा के साथ हुए जघन्य अपराध की जांच के लिए गठित भाजपा तथ्यान्वेषी दल की रिपोर्ट प्राप्त हुई।

यह रिपोर्ट पश्चिम बंगाल में अराजकता की चरम स्थिति और महिला सुरक्षा के प्रति राज्य सरकार की चिंताजनक असंवेदनशीलता को उजागर करती है। संदेशखाली से लेकर आरजी कर अस्पताल और अब यह, पैटर्न वही है जिसमें चुप्पी, निष्क्रियता और आरोपितों को संरक्षण दिया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि कोलकाता के एक लॉ कॉलेज में 24 वर्षीय छात्रा के साथ कथित तौर पर बलात्कार की घटना के दो दिनों बाद केंद्रीय स्तर पर भाजपा ने मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय तथ्य-खोज समिति का गठन किया था। समिति की घोषणा करते हुए केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने घटना की निंदा की थी और पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चिंता जताई थी।

## पूर्वोत्तर में वाटर कनेक्टिविटी पर जोर, सोनोवाल ने की निवेश की घोषणा

**नई दिल्ली**

देश के पूर्वोत्तर हिस्से में जलमार्ग और समुद्री संपर्क को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सबानंद सोनोवाल ने गुवाहाटी में आयोजित '11 साल की सेवा' कार्यक्रम में कई घोषणाएं कीं। इनका उद्देश्य पूर्वोत्तर की आर्थिक और रणनीतिक क्षमताओं को पूर्ण रूप से सामने लाना है। यह जानकारी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में दी। सोनोवाल ने बताया कि पूर्वोत्तर में जलमार्गों के विकास के लिए 5,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इसके अलावा आने वाले दशक में समुद्री व्यापार के क्षेत्र में 50,000 युवाओं को प्रशिक्षित करने की योजना है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। कलादान मल्टी-मॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट को वर्ष 2027 तक पूरी तरह चालू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नौवहन सहायता को मजबूत करने के लिए पांडु, तेजपुर, बिस्वनाथ और बोगीबील में लाइटहाउस स्थापित करने की योजना है।

## खरगे की राष्ट्रपति मुर्मु पर टिप्पणी दलित विरोधी मानसिकता का परिचायक: भाजपा

**नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की टिप्पणी को अपमानजनक बताया है। भाजपा ने कहा कि यह बयान कांग्रेस की दलित विरोधी मानसिकता का परिचायक है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि खरगे राष्ट्रपति पद का बार-बार अपमान करते हैं। जो राहुल गांधी संविधान को हाथ में लेकर चलते हैं, उन्हीं के इशारे पर खरगे ऐसी आपत्तिजनक टिप्पणी करते हैं। आज भारत का हर नागरिक इसकी निंदा कर रहा है।

भाटिया ने कहा कि खरगे द्रौपदी मुर्मु को



मुर्मा जी बुलाते हैं और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को कोविड कहते हैं। खरगे द्रौपदी मुर्मु जी को भू-माफिया बताते हैं, कहते हैं- ये हमारी जमीन और जंगल छीनने के लिए राष्ट्रपति बनी हैं। राहुल गांधी के इशारे पर खरगे जो आदिवासी एवं दलित विरोधी, महिला विरोधी और संविधान विरोधी बयान दे रहे हैं, उसका पूरा देश विरोध कर रहा है।

उन्होंने कहा कि जब कोई कड़ी मेहनत करके देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर पहुंचता है, तो कांग्रेस नेताओं को जलन होने लगती है। जब अधीर रंजन चौधरी ने राष्ट्रपति को राष्ट्रपतिनी कहा तो पत्रकारों ने उन्हें खरी-खोटी सुनाई, लेकिन उन्होंने कोई पछतावा नहीं दिखाया।

क्योंकि ये नेता केवल एक ही काम जानते हैं- कांग्रेस आलाकमान के सामने झुकना। उन्हें गरिमा का कोई ख्याल नहीं है, संवैधानिक पदों का कोई सम्मान नहीं है।

# उत्तराखंड परिवहन निगम को मजबूत बनाने की दिशा में निरंतर कार्य जारीः सीएम धामी

एजेंसी

**देहरादून ।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड परिवहन निगम द्वारा संचालित की जा रही 20 नई वातानुकूलित यूटीसी मिनी (टेम्पो ट्रेवलर) का फ्लैग ऑफ किया। इनमें से 10 टेम्पो ट्रेवलर वाहन देहरादून-मसूरी और 10 टेम्पो ट्रेवलर वाहन हल्द्वानी-नैनीताल रूट पर चलेंगे। इससे नैनीताल-हल्द्वानी और देहरादून-मसूरी के बीच जाम की समस्या में भी कमी आएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा कि शुरुआती चरण में मसूरी से देहरादून और हल्द्वानी से नैनीताल के लिए 10 टेम्पो ट्रेवलर शुरू किए गए हैं। अगर यह पहल सफल रही तो, इस तरह की सेवाओं की संख्या और बढ़ाई जाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कैंप कार्यालय से जीटीसी हेलीपैड तक टेम्पो ट्रेवलर से सफर भी किया।

उन्होंने कहा कि वातानुकूलित



> सरकार का प्रयास है कि राज्य के प्रत्येक क्षेत्र को बेहतर सड़क नेटवर्क और विश्वसनीय परिवहन सेवाओं से जोड़ा जाए।

टेम्पो ट्रेवलर राज्य के परिवहन तंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होंगे। इनसे यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और किफायती यात्रा की सुविधा मिल सकेगी और प्रदेश की आर्थिक और पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। सरकार का प्रयास है कि राज्य के प्रत्येक क्षेत्र को बेहतर सड़क नेटवर्क और विश्वसनीय परिवहन सेवाओं से जोड़ा जाए। आज डिजिटल टिकटिंग, ऑनलाइन बुकिंग, ट्रैकिंग सिस्टम जैसी सेवाओं द्वारा परिवहन विभाग जनता को सुलभ यात्रा उपलब्ध करा रहा है। सीएम धामी ने कहा कि हमारी सरकार उत्तराखंड परिवहन निगम को मजबूत बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। इसके परिणामस्वरूप लगातार तीन वर्षों से परिवहन निगम मुनाफे में है। परिवहन निगम के बस बेड़े में जल्द ही इलेक्ट्रिक बसों का भी समावेश किया जाएगा, जिसके लिए बसों की खरीद की प्रक्रिया गतिमान है। सरकार ने अपने कर्मचारियों और चालक-परिचालकों की कई समस्याओं का समाधान किया है। चाहे डीए में बढ़ोतरी करना हो, 7वें वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करना हो या निगम में भर्तियों के माध्यम से मानव संसाधन बढ़ाना हो, पूरी प्रतिबद्धता के साथ उनके कल्याण के लिए कार्य किए जा रहे हैं। हमारी सरकार प्रत्येक समस्या के समाधान के लिए संकल्पित है।

## ब्रिक्स से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ स्पष्ट संदेश मिलना भारत की कूटनीतिक जीतः तरुण चुघ




एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि ब्रिक्स जैसे वैश्विक मंच से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ स्पष्ट संदेश मिलना भारत की कूटनीतिक जीत है। इसका श्रेय पूरी तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी विदेश नीति को जाता है। आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस और आतंकवाद के समूल नाश की नीति को पूरी दुनिया को अपनाने की जरूरत है। अब दुनिया प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आतंक के खिलाफ एकजुट है। भारत इस मोर्चे पर अब विश्व का नेतृत्व कर रहा है।चुघ ने भाजपा मुख्यालय में सोमवार को मीडिया से बातचीत के दौरान इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि पता नहीं क्यों अखिलेश यादव हों, राहुल गांधी हों या इंडी गठबंधन के नेता, इन्हें सनातन, धार्मिक यात्रा से एलर्जी क्यों है ? उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा एक अनुष्ठान है, एक धार्मिक आयोजन है, इसके अंदर एक कठिन प्रतिज्ञा लेकर, कठिन अनुष्ठान करते हुए, भोले बाबा का नाम लेते हुए, कांवड़िया आगे बढ़ते हैं, लेकिन विपक्ष के नेता कभी कांवड़ियों के ख़िलाफ़ बोलते हैं, कभी कांवड़िया की तुलना आतंकियों से की जाती हैं, ये दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा महासचिव चुघ ने कहा कि बंगाल में ममता बनर्जी के क्रूर और तुष्टीकरण से ग्रस्त शासन, केरल में वामपंथ और तमिलनाडु में परिवारवाद, तीनों को चुनौती देने के लिए भाजपा का विस्तार ज़रूरी है। ये लक्ष्य सिर्फ चुनावी नहीं, वैचारिक हैं भारत की एकता, विकास और सुरक्षा के लिए हर राज्य में भाजपा की मौजूदगी आज समय की मांग है।

## ऑपरेशन 'सिंदूर' में दिखी ताकत से स्वदेशी हथियारों की मांग वैश्विक स्तर पर बढ़ी

**नई दिल्ली।** 'ऑपरेशन 'सिंदूर' के दौरान भारत ने स्वदेशी हथियारों के जरिए जिस तरह अपना शौर्य दिखाया है, उसके बाद हमारे घरेलू उत्पादों की मांग वैश्विक स्तर पर और भी बढ़ गई है। आज हम रक्षा क्षेत्र में एक तरह से लगभग आत्मनिर्भरता हासिल कर चुके हैं। हमारे अधिकांश उपकरण एक समय में विदेशों से आयात किए जाते थे, वह आज हम खुद अपने देश में बना रहे हैं। हमारा रक्षा व्यय कुछ ऐसा होना चाहिए, जिसमें सिर्फ हमारा बजट न बढ़े, बल्कि उसका सही आवंटन सही समय पर और सही उद्देश्य के लिए भी हो। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को यह बातें नई दिल्ली में डीआरडीओ की ओर से आयोजित नियंत्रकों के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि दुनिया हमारे रक्षा क्षेत्र की ओर देख रही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे सैनिकों ने जो वीरता दिखाई है, साथ ही जिस तरह से हमने अपने घरेलू उपकरणों की क्षमताओं का प्रदर्शन किया है, उससे हमारे स्वदेशी रक्षा उत्पादों की मांग में वृद्धि हुई है। 2024 में विश्व सैन्य व्यय बढ़कर 2.7 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो गया है, इतना बड़ा बाजार हमारा इंतजार कर रहा है। अगर आप हमारे रक्षा बजट को देखें, तो यह दुनिया के कुछ देशों की जीडीपी से भी बड़ा है। राजनाथ सिंह ने कहा कि जब लोगों की मेहनत की कमाई का एक बड़ा हिस्सा रक्षा मंत्रालय को आवंटित किया जाता है, तो हमारी जिम्मेदारी कई गुना बढ़ जाती है। रक्षा अधिग्रहण परिषद ने पहली बार जीईएम पोर्टल से पूंजी खरीद की अनुमति दी है, यह एक सराहनीय कदम है। इस विभाग की जिम्मेदारी सिर्फ कागजों पर खातों का प्रबंधन करना नहीं है, बल्कि यह हमारी सुरक्षा प्रणाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भी है। जब आप ईमानदारी से बात करते हैं, तो इसका असर हमारी सीमाओं की रक्षा करने वाले सैनिकों तक भी पहुंचता है। उन्हें लगता है कि उनके पीछे एक सिस्टम है, जो हर परिस्थिति में उनके साथ रहेगा। उन्होंने कहा कि आज रक्षा क्षेत्र में हो रहे बदलाव गतिशील और अनिश्चित हैं। शांति का समय एक दिखावा है। इसके अलावा कुछ नहीं। हम सभी को शांति के समय में रक्षा क्षेत्र को मजबूत करने पर चर्चा करनी चाहिए, लेकिन अचानक हम खुद को ऐसी स्थिति में पाते हैं, जिसमें हमें कुछ और करने की आवश्यकता महसूस होती है। अगर किसी उपकरण की अचानक आवश्यकता बढ़ जाती है, तो हम सभी को इस मुद्दे को हल करने के बारे में विचार करना चाहिए। यह सब शांति के समय में किए जाने की जरूरत है। वित्तीय प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए हम सभी को रक्षा अर्थशास्त्र में एक कदम और आगे बढ़ना चाहिए। इसके पीछे कारण यह है कि पूरा विश्व पुनः शस्त्रीकरण के एक नए युग की ओर बढ़ रहा है और इस क्षेत्र में कई पूंजी निवेश किए जा रहे हैं।



## झांसी रेलवे स्टेशन पर प्रसव कराने वाले मेजर को सेना प्रमुख ने सम्मानित किया

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को सैन्य चिकित्सा अधिकारी मेजर बचवाला रोहित की असाधारण पेशेवर कुशलता और कर्तव्य से परे निःस्वार्थ प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करने के लिए सराहना की। उन्होंने मेजर को इसलिए सम्मानित किया कि उन्होंने छुट्टी पर घर जाते समय उत्तर प्रदेश के झांसी रेलवे स्टेशन पर एक महिला को प्रसव पीड़ा होने पर बच्चे को जन्म देने में मदद की। बाद में मां और नवजात शिशु को एक सरकारी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। दरअसल, पनवेल-गोरखपुर एक्सप्रेस में अपने पति और बच्चे के साथ यात्रा कर रही एक महिला को समय से पहले प्रसव पीड़ा हुई। पति ने रेल मदद ऐप के जरिए रेल अधिकारियों से संपर्क किया, जिसके बाद जब ट्रेन झांसी पहुंची, तो महिला को ट्रेन से उतार दिया।

# आतंकवाद की सुविधानुसार निंदा मानवता के साथ विश्वासघात- नरेंद्र मोदी

एजेंसी

**रियो डी जनेरियो/नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मंच से आतंकवाद को 'मानवता के लिए सबसे गंभीर चुनौती' बताते हुए रविवार को कहा कि आतंकवाद की निंदा केवल सुविधा के हिसाब से करना मानवता के साथ विश्वासघात है। श्री मोदी ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा करने और भारत के साथ संवेदना तथा समर्थन जताने वाले देशों का आभार जताया। श्री मोदी ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के पहले दिन यहां शांति और सुरक्षा पर ब्रिक्स सत्र के दौरान भारत की ओर वक्तव्य में कहा, आतंकवाद की निंदा हमारा सिद्धांत होना चाहिए, केवल सुविधा नहीं। अगर पहले यह देखेंगे कि हमला किस देश में हुआ, किसके विरुद्ध हुआ, तो यह मानवता के खिलाफ विश्वासघात होगा।



प्रधानमंत्री ने कहा , मित्रों आतंकवाद, आज मानवता के लिए सबसे गंभीर चुनौती बनकर खड़ा है। हाल ही में भारत ने एक अमानवीय और कायरतापूर्ण आतंकी हमले का सामना किया। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुआ आतंकी हमला, भारत की आत्मा, अस्मिता और गरिमा पर सीधा प्रहार था। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमला केवल भारत पर नहीं, पूरी मानवता पर आघात था। श्री मोदी ने कहा, इस दुख की घड़ी में, जो मित्र देश हमारे साथ खड़े रहे, जिन्होंने समर्थन और संवेदना व्यक्त की, मैं उनका हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ। गौरतलब है कि पाकिस्तान की शह पर काम करने वाले आतंकवादियों ने गत 22 अप्रैल को 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी थी जिनमें से एक नेपाली नागरिक था। प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार श्री मोदी ने अपने वक्तव्य में कहा कि वैश्विक शांति और सुरक्षा केवल एक आदर्श नहीं है, ये हम सभी के साझा हितों और भविष्य की बुनियाद है। उन्होंने कहा कि एक शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में ही मानवता का विकास संभव है। श्री मोदी ने कहा, इस उद्देश्य को पूरा करने में ब्रिक्स की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। हमारी साझा चुनौतियों का सामना करने के लिए हमें एकजुट होकर, सामूहिक प्रयास करने होंगे। मिलकर आगे बढ़ना होगा।उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने पर कोई संकोच नहीं होना चाहिए। आतंकवाद के पीड़ितों और समर्थकों को एक ही तराजू में नहीं तौला जाना चाहिए।

## 'बम बम भोले' के जयकारों के साथ 8605 अमरनाथ तीर्थयात्रियों का छठा जत्था जम्मू से रवाना



एजेंसी

**जम्मू।** 'बम बम भोले' के जयकारों के साथ श्री अमरनाथ यात्रा के 8605 तीर्थयात्रियों का छठा जत्था सोमवार सुबह भगवती नगर स्थित यात्री निवास से दक्षिण कश्मीर हिमालय में पवित्र गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि तीर्थयात्री 372 वाहनों के बेड़े में जम्मू आधार शिविर से रवाना हुए। उन्होंने कहा, आज सुबह 8605 तीर्थयात्रियों का छठा जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू आधार शिविर से कश्मीर में श्री अमरनाथ यात्रा गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। उन्होंने कहा कि हल्के मोटर वाहन और भारी मोटर वाहन सहित 372 वाहनों के बेड़े में 5119 तीर्थयात्री पहलगाम और 3486 तीर्थयात्री बालटाल के लिए रवाना हुए। गौरतलब है कि प्रदेश के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को यहां से तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।

## सुप्रीम कोर्ट बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ दायर याचिकाओं पर 10 जुलाई को करेगा सुनवाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि बिहार की मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण करने के चुनाव आयोग के फैसले की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 10 जुलाई को विचार करेगा। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के इस मामले में शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध स्वीकार करते हुए कहा कि अदालत गुरुवार इस मामले में विचार करेगी। बिहार में नवंबर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। उससे पहले मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण करने के चुनाव आयोग के इस फैसले पर सवाल उठाये जा रहे हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों के अलावा स्वयंसेवी संस्थाएं पुनरीक्षण के लिए निर्धारित समय समेत अन्य व्यावहारिक दिक्कतों का हवाला देते हुए खुलकर विरोध कर रही हैं। उनका कहना है कि इससे बड़ी संख्या में मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो सकते हैं। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा, राष्ट्रीय जनता दल सांसद मनोज कुमार झा, गैर



सरकारी संगठनों - एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, पीयूसीएल और सामाजिक कार्यकर्ता योगेंद्र यादव समेत अन्य ने इस संबंध में चुनाव आयोग के 24 जून, 2025 के फैसले की वैधता को शीर्ष अदालत में चुनौती देते हुए अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं।

याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि यह कदम संविधान के अनुच्छेद 14, 19, 21, 325 और 326 के साथ-साथ जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 21ए के प्रावधानों का उल्लंघन है।

उन्होंने तर्क दिया कि यदि इस आदेश को रद्द नहीं किया गया तो मनमाने ढंग से और उचित प्रक्रिया के बिना लाखों मतदाताओं को अपने प्रतिनिधियों को चुनने से वंचित किया जा सकता है। इससे देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और लोकतंत्र बाधित हो सकता है, जो संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा हैं।

## हमारी सरकार का खनन और पर्यावरण के मध्य संतुलन पर विशेष जोर : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

एजेंसी

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य में प्रचुर मात्रा में खनिज संसाधन उपलब्ध हैं तथा खनन की अपार संभावनाएं हैं। इन संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग से न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा बल्कि स्थानीय रोजगार और क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश में खनन से राजस्व अर्जन के साथ खनन और पर्यावरण के मध्य संतुलन पर भी विशेष जोर दे रही है। केन्द्र एवं राज्य सरकार के बेहतरीन सामंजस्य से प्रदेश में खनन के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम हो रहा है।

शर्मा एवं केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर खान विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में असीम खनिज संपदा की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए नए खनिज ब्लॉक्स की पहचान की जाए। साथ ही, नीलामी प्रक्रिया में तेजी लायी जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केन्द्र सरकार से समन्वय करते हुए इस क्षेत्र में पर्यावरण क्लीयरेंस में भी गति लायी जाए जिससे समयबद्ध खनन सुनिश्चित हो सके।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 82 प्रकार के धात्विक एवं अधात्विक खनिज हैं जिनमें से 57 प्रकार के खनिजों का दोहन किया जा रहा है। राज्य की खनिज संपदा बहुमूल्य एवं दुर्लभ है। ऐसे में इस संपदा का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए जिससे अधिक से अधिक उद्योगपति प्रदेश में निवेश करें। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा खनन नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए नियमों में आवश्यकतानुसार संशोधन किया जाए। इसके लिए इस क्षेत्र में अन्य राज्यों द्वारा किए जा रहे कार्यों का भी अध्ययन करें। केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन



रेड्डी ने कहा कि राजस्थान खनिज संपदा की दृष्टि से समृद्ध राज्य है। यहां बहुमूल्य एवं दुर्लभ खनिज की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में ग्रीन एनर्जी सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए दुर्लभ खनिजों के सुनियोजित एवं तीव्र खनन पर विशेष बल दे रहे हैं। इस दिशा में राजस्थान की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

# पंजाब के होशियारपुर में दर्दनाक हादसा : बस और कार के बीच टक्कर में 8 लोगों की मौत

एजेंसी

**होशियारपुर ।** पंजाब के होशियारपुर में हुए दर्दनाक हादसे में करीब 8 लोगों की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार, दसूहा के गांव सगरा के पास एक निजी बस और कार के बीच हुई टक्कर के कारण यह दर्दनाक हादसा हुआ। सीएम भगवंत मान ने हादसे पर दुख जताया है। मान ने एक्स पोस्ट में कहा, 'आज जिला होशियारपुर के दसूहा के गांव सगरा में एक बड़ा हादसा हुआ है, जहां सवारियों से भरी एक मिनी बस और कार की आपसी टक्कर हुई है। इस हादसे में कई लोगों की दुखद मृत्यु की खबर मिली है और कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। प्रशासन को तुरंत घायलों की मदद करने के निर्देश दिए और मैं लगातार प्रशासन के संपर्क में हूं। इस हादसे में




जान गंवाने वाले यात्रियों की आत्मा की शांति के लिए परमात्मा के आगे प्रार्थना करता हूं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। बता दें, दसूहा-हाजीपुर रोड पर कार से टक्कर के बाद बस पलट गई। बस में लगभग 40 सवारियां थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सगरा अड्डा के पास कार से टक्कर हुई और बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इसके बाद वहां हाहाकार मच गया। स्थानीय लोग जुट गए और बस में फंसे यात्रियों को निकालने की कोशिश करने लगे। इस दौरान पुलिस को भी घटना की जानकारी दी गई।

सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जिसने मृतकों के शवों को कब्जे में ले घायलों को अस्पताल रवाना किया। बस के अंदर कई लोग फंसे थे। जैसे-तैसे करके उन लोगों को बाहर निकाला गया। घटनास्थल से आई तस्वीरों में बस बीच सड़क पर पलटी दिखी। बाद में जेसीबी मशीन के जरिए बस को सीधा किया गया। हादसे में अब तक करीब 8 लोगों की मौत की जानकारी है, जिनमें चार महिलाएं और एक बच्चा भी शामिल है। बताया जा रहा है कि करीब 30 लोगों को घायल अवस्था में दसूहा अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## केंद्रीय मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह के पिता आनंद सिंह का निधन, मुख्यमंत्री योगी ने जताया शोक

एजेंसी

**लखनऊ।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह के पिता एवं पूर्व मंत्री आनंद सिंह का रविवार देर रात को लखनऊ में निधन हो गया। अंतिम यात्रा आज (7 जुलाई) दोपहर 3 बजे निवास मनकापुर कोट, गोंडा में संपन्न होगी। इसकी सूचना केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर दी है। उन्होंने लिखा, आप सभी को अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि आज रात पिताश्री सभी के अभिभावक (आनंद सिंह) पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश एवं पूर्व सांसद का देहावसान हो गया है। पिता का देवलोकगमन मेरे जीवन की अपूरणीय क्षति है। पिताश्री की अंतिम यात्रा आज दोपहर 3 बजे मेरे निवास मनकापुर कोट, गोंडा में संपन्न होगी।आनंद सिंह उत्तर प्रदेश की समाजवादी पार्टी (सपा) सरकार में कृषि मंत्री रहे। इसके पहले वह कांग्रेस पार्टी में रहे और गोंडा संसदीय क्षेत्र से चार बार सांसद रहे। उनके निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने संवेदनाएं व्यक्त की हैं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा कि केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह के पिता एवं पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद आनंद सिंह का निधन अत्यंत दुःखद है। विनम्र श्रद्धांजलि ! प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान तथा शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## फेल हो चुके कांग्रेस नेता मुझे ज्ञान देने के बजाय अपनी शर्मनाक स्थिति पर ध्यान दें : कंगना रनौत

एजेंसी

**शिमला ।** हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से सांसद और अभिनेत्री कंगना ने बाढ़ से प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, विधायक विनोद कुमार और स्थानीय नेता भी मौजूद रहे। कंगना ने आपदा से प्रभावित पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और साथ ही विकास कार्यों के माध्यम से राहत पहुंचाने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि हाल ही में पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता वितरित की गई है। कंगना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि वह इन योजनाओं के लाभ पीड़ितों तक पहुंचाने का काम कर रही हैं। हम हमेशा लोगों के साथ खड़े हैं। मीडिया से बातचीत के दौरान कंगना रनौत ने कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, ÷जो लोग हिमाचल में बिल्कुल फेल हो चुके हैं, जिन्हें यहां की जनता गालियां दे रही है और कह रही है कि बीस साल तक अब कांग्रेस सरकार यहां नहीं आए, उनको मुझे ज्ञान देने की जरूरत नहीं है। उन्हें अपनी शर्मनाक स्थिति को सुधारने पर ध्यान देना चाहिए। लोग यहां रो रहे हैं और मुझे बता रहे है कि मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से आए और ऊपर से ही पोज देकर चले गए। जिन क्षेत्रों में करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है, वहां विक्रमादित्य कुछ लाख रुपए देकर मदद का दिखावा कर रहे हैं। ये लोग भ्रष्ट और ढोंगी हैं। कंगना ने आगे कहा कि जब मुझसे पूछा जाता है कि हिमाचल का पुनर्निर्माण कब होगा, तो मैं कहती हूं कि इसके लिए जवाबदेही जरूरी है। मैं सांसद हूं, मेरे पास कोई कैबिनेट रैंक नहीं है। लोग मेरे बयान का सिर्फ एक हिस्सा निकालकर सवाल कर रहे हैं, यह छोटे-छोटे पैंतरे हैं, इनसे कुछ नहीं होने वाला।

उन्होंने कहा, चाहे आर्मी का रेस्क्यू ऑपरेशन हो या अनाज वितरण, यह सब केंद्र सरकार ने किया है। मदद पहुंचाने वाले ज्यादातर भाजपा के लोग थे। राज्य सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है, जनता भी इसे समझ चुकी है। अब 'कंगना-कंगना' का रोना रोने से कुछ नहीं होने वाला। जनता ने इनके असली चेहरे देख लिए हैं।

जयराम ठाकुर को लेकर पूछे गए सवाल पर कंगना ने कहा, हममें किसी तरह की कोई नाराजगी नहीं है। हम सब एक पार्टी के साथी हैं और एक ही मकसद के लिए काम करते हैं। जब तक हम प्रोफेशनल रहेंगे, सब ठीक रहेगा।

## इंडियन ऑयल टैंकर से तेल चोरी करने वाले आरोपित गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बाहरी जिला पुलिस ने इंडियन ऑयल टैंकर से तेल चोरी करने वाले एक गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने एक सूचना पर निगरानी कर तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 12 लीटर डीजल, 25 लीटर चोरी का पेट्रोल और ईंधन निकालने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरण बरामद किए हैं। तेल चोरी करने के बाद आरोपित उसे खुले बाजार में बेच देते थे। बाहरी जिले के डीसीपी सचिन शर्मा ने बताया कि 3 जुलाई को जिले की विशेष टीम पीतमपुरा इलाके में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग मंगोलपुरी के फेज-2 स्थित ट्रक मार्केट में खड़े इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसीएल) के ट्रकों से अवैध रूप से पेट्रोल और डीजल की चोरी करते हैं। ईंधन को कंटेनरों में भरकर उसे बाजार में कालाबाजारी करते हैं। इस सूचना को पुख्ता करने के बाद टीम ने वहां पर घेराबंदी कर ली। कुछ देर बाद टीम ने देखा कि एक ट्रक के पास तीन लोग कुछ संदिग्ध गतिविधि कर रहे हैं। वहां पहुंचने पर पुलिस ने देखा कि आरोपी एडाप्टर का इस्तेमाल कर ट्रक से ईंधन निकाल रहे थे। पुलिस टीम को देखते ही सभी आरोपित वहां से भागने लगे, लेकिन पुलिस टीम ने उन्हें दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान छेदी राम मौर्य, सुरेंद्र सिंह और बाबू लाल पासवान के रूप में हुई। पुलिस ने मौके से पेट्रोलियम ईंधन से भरे तीन ड्रम बरामद किए।

## सॉफ्टवेयर इंजीनियर बहू ने मां समान सास को जमकर पीटा

**नोएडा।** कवि नगर थाना क्षेत्र के गोविंदपुरम इलाके में सॉफ्टवेयर इंजीनियर बहू ने सास को बाल पकड़कर जमीन में बुरी तरह घसीटा। आरोप है कि बहू ने सास को पीटा भी। पहले भी वह इस तरह की घटना को अंजाम दे चुकी है। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हो रहा है। मूल रूप से बुलंदशहर निवासी सतपाल सिंह अपने परिवार सहित गोविंदपुरम में रहते हैं। उनके बेटे अंतरिक्ष गुरुग्राम की सॉफ्टवेयर कंपनी में इंजीनियर है। हाल ही में उनके बेटे की शादी आकांक्षा से हुई। वह भी सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में कार्यरत है । वह कुछ दिनों से वर्क फ्रॉम होम कर रही है। सत्यपाल सिंह ने बताया कि बहू दिन रात तरह-तरह की बातों को लेकर कलह करती है। एक जुलाई को भी कहासुनी हुई तो उसने उनकी पत्नी को बाल पकड़कर जमीन पर घसीटा। रास्ते में लगे सीसीटीवी में घटना कैद हो गई। फुटेज जब पुलिस ने निकाली तो सच्चाई का पता चला। यह अब तेजी से वायरल हो रही है। सतपाल सिंह ने इस मामले में थाने में शिकायत दी। इस बारे में एसीपी भास्कर वर्मा का कहना है कि छानबीन शुरू की गई है।

## अपने हाथों से घोंट दिया 'मोहब्बत' का गलाः पत्नी की हत्या कर थाने पहुंचा पति, बोला- मैंने ज्योति की जान ले ली

**गुरुग्राम ।** गुरुग्राम स्थित राजेंद्रा पार्क थाना क्षेत्र में शाम एक युवक ने अपनी पत्नी का गला घोटकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने थाने में जाकर सरेंडर कर दिया। युवक से उसकी पत्नी की मौत सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी।देर रात तक मामला दर्ज नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार राजेंद्र पार्क थाना क्षेत्र के बी-ब्लॉक में एक चिकित्सक का परिवार रहता है। साथ में उनका बेटा केतन भी अपनी 27 वर्षीय पत्नी ज्योति व दो बच्चों के साथ रहता है। बताया जा रहा है कि चेतन जेवर एयरपोर्ट पर कार्यरत है। उसने ज्योति के साथ करीब छह साल पहले प्रेम विवाह किया था। रविवार की शाम करीब 6 बजे केतन ने ज्योति की गला घोटकर हत्या कर दी और इसके बाद थाने में जाकर सरेंडर कर दिया। थाने में केतन ने कहा कि मैं अपनी पत्नी ज्योति की जान ले ली है। पत्नी की हत्या की वजह घरेलू विवाद बताया जा रहा है।

## विवाहिता से दो साल तक सामूहिक दुष्कर्म : महिला ने पति से शिकायत की

**नई दिल्ली।** हरियाणा के पलवल जिले के हथीन उपमंडल के एक गांव निवासी विवाहिता के साथ दो आरोपियों ने सामूहिक दुष्कर्म किया और उसका वीडियो बना लिया। इसके बाद आरोपियों ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दो साल तक सामूहिक दुष्कर्म किया। इस संदर्भ में विवाहिता ने एसपी पलवल को शिकायत देकर हथीन थाने में मामला दर्ज कराया है। विवाहिता के साथ यह वारदात नूंह जिले के एक गांव में हुई है। इस कारण स्थानीय पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर संबंधित थाना को भेज दी है। थाना प्रभारी हरिकिशन ने बताया कि उपमंडल के एक गांव निवासी युवती ने अपने बयान में कहा कि दस वर्ष पूर्व उसकी शादी नूंह जिले के एक गांव निवासी व्यक्ति से हुई थी। उनके चार बेटियां हैं। पीड़िता का पति मजदूरी करता है और अधिकतर घर से बाहर रहता है। दो पड़ोसियों ने दो वर्ष पूर्व घर में अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और वीडियो बना लिया। इसके बाद आरोपी उसे ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करते रहे। आरोपियों ने किसी को न बताने को लेकर महिला को डराया धमकाया। मार्च में भी आरोपियों ने दुष्कर्म किया। इससे परेशान होकर पीड़िता ने पति को आपबीती बताई।

## जेपी नड्डा और रेखा गुप्ता ने नर्सों को नियुक्ति पत्र वितरित किए व आयुष्मान भारत पंजीकरण वैन को हरी झंडी दिखाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने आज दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की मौजूदगी में विज्ञान भवन में एक कार्यक्रम में 1,388 नर्सों और 41 पैरामेडिकल स्टाफ को नियुक्ति पत्र वितरित किए और आयुष्मान भारत पंजीकरण वैन को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह, पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह, भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल, रामवीर सिंह बिधूड़ी, बांसुरी स्वराज, सहित विधायक मौजूद रहे।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कार्यक्रम को संबोधित कहा कि आज दिल्ली के लिए बहुत बड़ा दिन है और पंद्रह साल बाद यहां स्थायी नौकरियों के नियुक्ति पत्र दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत केंद्र सरकार ने 2021 से फरवरी 2025 के बीच दिल्ली को 1700 करोड़ रुपये दिए थे, लेकिन एक पैसा भी



तत्कालीन आम आदमी पार्टी से खर्च नहीं हुआ। जन कल्याण के लिए इस फंड के खर्च की जिम्मेदारी अब दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कंधों पर आ गई है। जेपी नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार 2017 से दिल्ली के हर गरीब के इलाज के लिए पांच लाख रुपए लेकर तैयार थी, लेकिन पिछली सरकार इसे न लेकर गरीबों के साथ अन्याय किया। दिल्ली में अब डबल इंजन की सरकार आने के बाद गरीबों को डबल फायदा मोदी सरदार दे रही है। मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त नर्सों और स्वास्थ्य कर्मियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह केवल एक नौकरी नहीं, यह सेवा का अवसर, संकल्प का सम्मान और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा 1,388 नर्सों और 41 पैरामेडिकल कर्मियों को स्थायी नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही आयुष्मान भारत पंजीकरण वैन का लोकार्पण कर 'स्वस्थ भारत' के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक और सशक्त कदम उठाया गया। उन्होंने कहा कि इन नियुक्तियों से न केवल दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई ऊर्जा मिली है, बल्कि उन सैकड़ों परिवारों के सपनों को पंख मिले हैं जिनकी आँखों में वर्षों से बस यही एक प्रतीक्षा पल रही थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी के प्रमुख अस्पतालों में नियुक्त हुई ये नर्से सेवा का जीवंत स्वरूप और हमारे चिकित्सा तंत्र की आत्मा हैं। आज उन्हें जो नियुक्ति मिली है, वह उनके वर्षों के परिश्रम, तप और समर्पण को राष्ट्रीय मान्यता है।

## पुलिस ने दो सौ से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर आरोपित को दबोचा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले की सेंधमारी निरोधक शाखा ने दो सौ से अधिक घंटे की सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच कर एक चोर को गिरफ्तार किया है। बदमाश की पहचान हिमांशु उर्फ पोटा के रूप में हुई है। बदमाश के कब्जे से पुलिस ने लाखों के गहने और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफ्तार बदमाश पालम थाने का घोषित बदमाश है उसपर पहले से झपटमारी, चोरी और सेंधमारी के 20 मामले दर्ज हैं। बदमाश की गिरफ्तारी से पुलिस ने छह मामले सुलझाने का दावा किया है।

जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि 19 जून को महावीर एन्क्लेव निवासी असलम अली ने अपने घर से सोने और चांदी के गहने की चोरी होने शिकायत की। निरीक्षक विवेक मंडोला के नेतृत्व में पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। सीसीटीवी कैमरे की जांच में एक नकाबपोश चोर घर के पास घूमते देखा गया। 10 दिनों तक लगातार सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद पुलिस बदमाश का पीछा करते हुए सागरपुर पहुंच गई।

जहां चोरों ने अपना नकाब हटाया। मुखबिरों के जरिए एक बदमाश की पहचान हिमांशु के रूप में हुई। बाद में पुलिस ने शनिवार को बदमाश को महावीर एन्क्लेव से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक सोने की चेन, एक सोने की मांग टीका, एक सोने का मंगलसूत्र, एक सोने की जेंट्स रिंग, छह सोने की नथ, चार जोड़ी सोने की बालियां और तीन चोरी के मोबाइल बरामद हुए। पूछताछ के बाद पुलिस ने बताया कि हिमांशु 2018 में पिता की मौत के बाद पढ़ाई छोड़ दी। वह आठवीं तक पढ़ा है। गलत संगत में वह स्मैक पीने लगा। फिर लत को पूरा करने के लिए आपराधिक वारदात को अंजाम देने लगा।

## मुख्यमंत्री सहित भाजपा नेताओं ने श्याम प्रसाद मुखर्जी को माल्यार्पण कर नमन किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शहीदी पार्क में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयंती पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी उस राष्ट्रचेतना के प्रवर्तक थे, जिसने भारत को केवल भूगोल नहीं, एक संकल्प के रूप में देखा। उनके चिंतन में भारत की एकता थी और उनके संघर्ष में राष्ट्र की अखंडता का संकल्प। एक देश, एक विधान, एक प्रधान यह कोई राजनीतिक नारा नहीं, भारत के स्वाभिमान की वह वाणी थी, जिसे उन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर अमर किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस धारा से डॉ. मुखर्जी ने विचारों का दीप जलाया, उसी वैचारिक



प्रकाश में भारतीय जनता पार्टी की नींव पड़ी। भाजपा केवल सत्ता का माध्यम नहीं, सेवा, राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक अस्मिता का जीवंत संकल्प है। यह वही विचार है, जो कहता है कि राष्ट्र सर्वोपरि है, संविधान की गरिमा सर्वोच्च है और भारत की एकता अटूट है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता से विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर है, तब मुखर्जी जैसे महापुरुष हमारे वैचारिक पथप्रदर्शक और राष्ट्रनिर्माण की प्रेरणा हैं।

## दिल्ली में बारिश बनी मुसीबत : जलभराव और जाम से ऑफिस जाने वाले परेशान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में सोमवार सुबह हुई बारिश ने जहां एक ओर गर्मी से राहत दी, वहीं दूसरी ओर लोगों के लिए कई समस्याएं भी खड़ी कर दीं। कई इलाकों में जलभराव और भारी ट्रैफिक जाम की स्थिति देखी गई, जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बारिश थमते ही दिल्ली की सड़कों पर भीड़ उमड़ पड़ी। गुरुग्राम से दिल्ली आने वाली सड़क पर धीरे-धीरे ट्रैफिक बढ़ने लगा है। वहीं, दिल्ली से गुरुग्राम की ओर जाने वाले रूट पर भी वाहनों की गति धीमी पड़ी हुई है। चूंकि सोमवार का दिन है और अधिकतर लोग ऑफिस के लिए निकलते हैं, इसलिए बारिश के रुकने के तुरंत बाद सड़कों पर जगह-जगह ट्रैफिक जाम की स्थिति देखी गई।धौला कुआं से लेकर गुरुग्राम एयरपोर्ट जाने वाली सड़क पर कई किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। महिपालपुर और दिल्ली कैंट की ओर से आने वाले लोग जाम में बुरी तरह फंसे नजर आए। संगम



विहार इलाके की एमबी रोड पर जलभराव के कारण लंबा जाम लग गया। सोमवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे की तस्वीरों में देखा जा सकता है कि सड़क पर काफी पानी भर चुका है और वाहनों की रफ्तार पूरी तरह थम चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस जाम के चलते उन्हें ऑफिस पहुंचने में काफी देर हो रही है। यह समस्या हर बारिश के बाद यहां आम हो गई है, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। संगम विहार इलाके में कुछ लोगों ने न्यूज एजेंसी से बातचीत में कहा, जलभराव के कारण बड़ी परेशानी हो रही है। रास्तों में काफी गड्ढे हैं, ठीक से सड़कें नहीं बनी हैं। हालांकि दिल्ली में कुछ जगह कर्मचारियों को पंप के जरिए पानी निकासी करते हुए देखा गया। आईएएनएस से बात करते हुए एक कर्मचारी ने कहा, ÷हम सुबह 5 बजे से लगे हुए हैं। हमने इस इलाके में जलभराव नहीं होने दिया। पहले यहां पानी ही पानी हो जाता था। मौसम विभाग के मुताबिक, आने वाले कुछ दिनों तक दिल्ली-एनसीआर में इसी तरह की बारिश होती रहेगी। ऐसे में नागरिकों को सलाह दी गई है कि वो समय से पहले घर से निकलें और ट्रैफिक अपडेट्स पर नजर बनाए रखें।

## तेजस्वी यादव और राहुल गांधी बिहार को बदनाम कर रहे हैं : शाहनवाज हुसैन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्यू रिसर्च सेंटर के हालिया सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार, सार्वजनिक लोकतांत्रिक संतोष के मामले में भारत टॉप देशों में शामिल है। साल 2025 में 23 देशों में किए गए सर्वे में 74 फीसदी भारतीय ने कहा कि वे अपने देश के लोकतंत्र से संतुष्ट हैं। इस मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने प्रतिक्रिया दी।

शाहनवाज हुसैन ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा कि यह भारत के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। पूरी दुनिया जानती है कि भारत का लोकतंत्र मजबूत है। भारत की लोकतांत्रिक जड़ें मजबूत हैं और इसकी मिसाल पूरी दुनिया में दी जाती है। उन्होंने कहा कि देश को आगे ले जाने,



तरक्की करने और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बड़ा योगदान है। इस योगदान की वजह से आज दुनिया में भारत का नाम हो रहा है। आज भारत की साख पूरी दुनिया में बढ़ी है। देश तेजी से तरक्की कर रहा है। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि राहुल गांधी की भारत को बदनाम करने की आदत बन गई है।

एक नहीं, अनेक बार उन्होंने भारत को बदनाम करने की कोशिश की है। यह बहुत दुखद है कि वह भारत की संसद के नेता प्रतिपक्ष होकर भी हर बार ऐसे सवाल उठाते हैं और भारत को बदनाम करते हैं, जिससे दुनिया में भारत की साख गिरती है। नेता प्रतिपक्ष के तौर पर उन्हें अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। उनकी जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की हर बात का विरोध करना नहीं है, लेकिन लोकतंत्र के मूल्यों की रक्षा करना भी है। उन्होंने गोपाल खेमका हत्याकांड पर राहुल गांधी के पोस्ट को लेकर कहा कि राहुल गांधी बिहार को बदनाम कर रहे हैं। बिहार को क्राइम कैपिटल कह रहे हैं। इस तरह पोस्ट करके वह बिहार को बदनाम क्यों करना चाहते हैं? बिहार में गोपाल खेमका की हत्या हुई, उसकी जांच चल रही है। इस मामले में शामिल आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही अपराधी पकड़े जाएंगे। बिहार में सुशासन है, कानून का राज है। अगर कोई भी ऐसी हरकत होती है, उसके खिलाफ कार्रवाई होती है, लेकिन तेजस्वी यादव और राहुल गांधी बिहार को बदनाम कर रहे हैं।

## मवेशी की टक्कर से व्यक्ति यमुना में गिरा, मौत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** न्यू उस्मानपुर साढ़े तीन पुश्ते के पास सुबह पूजा सामग्री विसर्जित करने गए एक युवक को मवेशी ने टक्कर मार दी। युवक यमुना में गहरे पानी में जा गिरा और डूब गया। सूचना मिलते ही पुलिस के अलावा दमकल विभाग और बोट क्लब की टीम मौके पर पहुंच गई। काफी मशक्कत के बाद युवक का शव बरामद कर लिया गया। मृतक की पहचान देवी चरण (40) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसका शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है। हालांकि वहां मौजूद कुछ लोगों ने दावा किया है कि यमुना किनारे बहाव की वजह से मिट्टी कटने से देवी चरण गहरे पानी में गिरा। तिमारपुर थाना पुलिस इसकी पड़ताल कर रही है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से अलीगढ़ उप्र का रहने वाला देवी चरण अपने परिवार के साथ भगत सिंह कालोनी, गौतमपुरी में रहता था। इसके परिवार में पत्नी पूनम के अलावा दो बेटी और एक बेटा है। देवी चरण चांदनी चौक इलाके में पिछले कई सालों से कपड़े की एक दुकान पर काम करता था। छुट्टी होने की वजह से वह वह घर में रखे पूजा के सामान को विसर्जित करने के लिए निकला। उसके साथ पड़ोसी ओमी लाल भी चले गए। साढ़े तीन पुश्ता, न्यू उस्मानपुर, यमुना किनारे पहुंचने पर वह विसर्जन की तैयारी कर रहा था। इस बीच वहां मौजूद एक मवेशी ने पीछे से उसको टक्कर मार दी। पानी में गिरकर वह डूब गया। ओमी लाल भागते हुए घर पहुंचा और पड़ोसी व पूनम को सारी बात बताई।

## मंत्री सिरसा ने डीयू में सिखों के बलिदान और संघर्ष पर आधारित पाठ्यक्रम को ऐतिहासिक बताया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने आज दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय इतिहास में सिख शहादत (1500-1765) से जुड़े स्नातक पाठ्यक्रम शुरू करने के निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने इसे सिख समुदाय की न्याय, स्वतंत्रता और मानव गरिमा के लिए अडिग संघर्ष को सम्मान देने वाला एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह पहल ऐसे समय में आई है जब देश सिखों के नवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत दिवस की तैयारियां कर रहा है।

इससे पहले मंत्री ने सिख समाज के वरिष्ठ सदस्यों, बुद्धिजीवियों और दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की थी, जिसमें गुरु तेग बहादुर की शहादत के उपलक्ष्य में आयोजन कैसे हो, इस पर सुझाव मांगे गए। उसी बैठक में यह सुझाव प्रमुखता से सामने आया था कि सिख गुरुओं की शिक्षाओं और बलिदानों पर एक समर्पित विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम शुरू किया जाए। दिल्ली विश्वविद्यालय की यह पहल उसी परामर्श प्रक्रिया का सकारात्मक और समयानुकूल परिणाम है। मंत्री ने कहा कि यह सिर्फ एक पाठ्यक्रम नहीं है, यह हमारे गुरुओं को



दी गई एक सभ्यतागत श्रद्धांजलि है। खासकर गुरु तेग बहादुर को, जिनका संदेश आज भी हमें सत्य के पक्ष में खड़े होने और दूसरों के अधिकारों की रक्षा करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि यह पाठ्यक्रम छात्रों को सिख इतिहास, पहचान और बलिदान से परिचित कराएगा, जिसमें समाज सेवा, नेतृत्व और आध्यात्मिक साहस को विशेष रूप से शामिल किया जाएगा। इसके अंतर्गत फील्ड विज़िट, आर्काइव रिसर्च और डॉक्यूमेंट्री स्क्रीनिंग्स जैसी गतिविधियां भी होंगी ताकि विद्यार्थी सिख इतिहास को गहराई से समझ सकें। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी विशेष धन्यवाद किया, जिनके नेतृत्व में सिख इतिहास और विरासत को देश और दुनिया में नया सम्मान मिला है। मंत्री ने देश के अन्य विश्वविद्यालयों खासकर पंजाब के विश्वविद्यालयों से अपील की कि वे भी ऐसे पाठ्यक्रम शुरू करें ताकि सिख मूल्यों ( न्याय, सेवा और बलिदान) को नई पीढ़ी तक पहुंचाया जा सके।

## हरिद्वार गोलीकांड में वांछित कुख्यात नंदू गैंग का शूटर गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की नॉर्दर्न रेंज ने गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू गैंग के एक शूटर को दिल्ली के नरेला इलाके से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान सामी खान उर्फ सन्नी के रूप में हुई है। आरोपित हरिद्वार, उत्तराखंड में दिनदहाड़े हुई सनसनीखेज फायरिंग की वारदात में शामिल था। स्पेशल सेल के डीसीपी अमित कौशिक के अनुसरा दो जून को हरिद्वार के सुखी नदी, खड़खड़ी इलाके में एक होटल व्यवसायी अरुण उर्फ सुखा पर जानलेवा हमला हुआ था। जांच में पता चला कि वह मंजीत महल गैंग के एक प्रमुख सदस्य का रिश्तेदार है, और इसी कारण उसे नंदू गैंग द्वारा निशाना बनाया गया। घायल अवस्था में अरुण को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी जान बच गई। डीसीपी के अनुसार स्पेशल सेल ने इस वारदात को गंभीरता से लेते हुए अपने खुफिया नेटवर्क को सक्रिय किया। पंजाब, हरियाणा और उत्तराखंड में सूत्रों को लगाया गया। इस बीच पता चला कि कपिल सांगवान उर्फ नंदू ने पंजाब के कुछ युवकों को इस वारदात को अंजाम देने के लिए चुना था। स्पेशल सेल की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नरेला से आरोपित सामी खान उर्फ सन्नी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सन्नी ने बताया कि वह फगवाड़ा निवासी हिमांशु के संपर्क में आया था जो पहले से अपराधों में लिप्त था। दोनों की दुश्मनी फगवाड़ा के एक लोकल अपराधी से थी।इसी दुश्मनी के चलते वे कपिल सांगवान उर्फ नंदू के संपर्क में आए। जिसने उनकी मदद के बदले मंजीत महल गैंग के सदस्य के रिश्तेदार को मारने का टास्क सौंपा। दोनों ने तीन और युवकों को साथ मिलाया और दो जून को हरिद्वार पहुंचे। शाम करीब 5~30 बजे उन्होंने होटल के पास अरुण पर गोली चलाई। घटना के बाद सभी आरोपित पंजाब लौट गए। सन्नी कुछ समय नेपाल में छिपा रहा और दो दिन पहले ही दिल्ली आया था। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से एक पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

## सहकारिता को नए-नए क्षेत्रों में भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए : विजेंद्र गुप्ता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि भारत आज जब एक समावेशी और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था के निर्माण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, ऐसे में सहकारिता क्षेत्र को भी अपनी भूमिका का विस्तार करते हुए नए-नए क्षेत्रों में सक्रियता से भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। यह बातें उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही।

यह कार्यक्रम गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति में यूनाइटेड थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटीज फेडरेशन ऑफ दिल्ली लिमिटेड द्वारा 'सहकारिता वर्ष संग्रह और सहयोग सम्मान समारोह' के अंतर्गत आयोजित किया गया। इसमें सहकारिता आंदोलन से जुड़े उत्कृष्ट कार्यों को सम्मानित किया गया और समाज में सहयोग की भावना को मजबूत करने पर बल दिया गया। गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है, जिसका विषय है – सहकारिताएं एक बेहतर विश्व का निर्माण करती हैं। यह वैश्विक पहल सहकारिताओं की भूमिका को उजागर करती है। स्वामित्व और सामूहिक




प्रयासों के माध्यम से सहकारिताएं लोगों को एकजुट कर उनकी साझा आर्थिक और सामाजिक आवश्यकताओं को लोकतांत्रिक स्वामित्व और सामूहिक प्रयासों के माध्यम से पूरा करने का माध्यम बनती हैं। ये संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में विशेष रूप से सम्मानजनक कार्य को बढ़ावा देने, असमानता को घटाने, और गरीबी उन्मूलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि 'संग्रह और सहयोग सम्मान कार्यक्रम' इस बात का उदाहरण है कि स्थानीय सहकारी समितियां किस प्रकार सहकारिता के मूल सिद्धांतों (बचत को प्रोत्साहित करना, ऋण सुविधा उपलब्ध कराना, और सशक्त सामुदायिक नेटवर्क का निर्माण करना) को साकार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की संस्थाएं विशेष रूप से उन नागरिकों को सशक्त बनाती हैं, जिन्हें पारंपरिक वित्तीय प्रणालियों तक पहुंच नहीं है। ये संस्थाएं उन्हें आजीविका सुधारने के लिए आवश्यक संसाधन और विश्वास प्रदान करती हैं।

## देश जनता का, सरकार का नहीं; चुनाव आयोग के खिलाफ कोर्ट जाएंगे : मनोज कुमार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सासाराम से कांग्रेस सांसद मनोज कुमार ने सोमवार को कई अहम मुद्दों पर अपनी बेबाक राय रखी। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची सुधार के मसले से लेकर पहलगाम आतंकी हमले और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति पर अपनी बात रखी। बिहार में मतदाता सूची सुधार को लेकर राजद नेता मनोज झा और टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दी गई चुनौती पर मनोज कुमार ने कहा कि संविधान ने हमें विरोध करने का अधिकार दिया है, हम कोर्ट में जाएंगे, सड़क पर उतरेंगे, और संसद में आवाज उठाएंगे। यह देश जनता का है, किसी सरकार का नहीं। फरमान नहीं चलेगा कि जो कहा जाए वह मान लिया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग अपने निर्देशों में बार-बार बदलाव कर रहा है। उन्होंने कहा कि वे (चुनाव आयोग) कभी कहते हैं कि राशन कार्ड जरूरी नहीं, कभी कहते हैं आधार लाओ, पैन कार्ड लाओ, माता-पिता की जन्मतिथि लाओ। यह आदेश नहीं, तानाशाही है। हम 48 घंटे के भीतर बिहार में ऐतिहासिक चक्का जाम करेंगे, और जरूरत पड़ी तो पूरे देश में करेंगे। बिहार विधानसभा चुनाव में चिराग पासवान की भूमिका पर सवाल पूछे जाने पर मनोज कुमार ने कटाक्ष किया कि वह कभी कहते हैं लड़ेंगे, कभी कहते हैं नहीं लड़ेंगे, कभी 243 सीटों की बात करते हैं, कभी जनरल सीट की। चिराग पासवान ने चुनाव आयोग जैसी स्थिति बना ली है। वह हर दिन नया बयान देते हैं। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि चिराग के कोर वोटर अब उनसे नाराज हैं। मनोज कुमार ने कहा कि रामविलास पासवान गरीबों के नेता थे, लेकिन चिराग अब पिछलग्गू बन गए हैं। वोटर सवाल पूछ रहे हैं। बयानबाजी से चुनाव नहीं जीता जाता। ब्रिक्स सम्मेलन में पीएम मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले को 'मानवता पर हमला' बताया, इस पर मनोज कुमार ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि पूरा देश और दुनिया निंदा कर रही है, लेकिन जब हमारी सेना आगे बढ़ रही थी, तब उसे क्यों रोका गया? 25 निर्दोष लोगों की हत्या हुई, एक नेपाली भाई भी मारा गया। 'ऑपरेशन सिंदूर' चल रहा था, लेकिन अचानक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सीजफायर को लेकर एक पोस्ट कर देते हैं और सब रुक जाता है।

## संपादक की कलम से

# सोशल मीडिया के उपयोग में सावधानी की दरकार

नकारात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए टेलीग्राम पर वैश्विक स्तर पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है. ऑस्ट्रेलिया की इ-सेफ्टी कमीशन ने मार्च 2024 में यूट्यूब, एक्स, फेसबुक, टेलीग्राम को लाइव स्ट्रीमिंग फीचर्स, एल्गोरिदम और रिकमेंडेशन सिस्टम के जरिये चरमपंथी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए नोटिस दिया था. कमीशन ने टेलीग्राम से विशेष रूप से पूछा था कि वह बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री को रोकने के लिए क्या कदम उठा रहा है? पुनश्च, अगस्त 2024 में टेलीग्राम के संस्थापक श्री पावेल ड्यूरोव को अवैध गतिविधियों में एप के इस्तेमाल के आरोप में फ्रांस में गिरफ्तार कर लिया गया था. इस वर्ष भी मध्य प्रदेश बोर्ड की 10वीं व 12वीं परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों को टेलीग्राम पर खरीदा और बेचा जा रहा था. ये उदाहरण महज बानगी भर हैं, इन प्लेटफॉर्म पर किये जा रहे काले कारनामों की लंबी फेहरिस्त है. टेलीग्राम मैसेजिंग एप पर सक्रिय चैनलों और समूहों के माध्यम से कई तरह के गैरकानूनी कार्यों को मूर्त रूप दिया जा रहा है. इसमें सिनेमा, वेब सीरीज, इ-बुक, सॉफ्टवेयर, हैकिंग सॉफ्टवेयर आदि को बिना अनुमति साझा करना सबसे सामान्य है. यहां निवेश, लॉटरी या अन्य फर्जी आकर्षक योजनाओं की आड़ में ठगी को अंजाम दिया जाता है. डार्क वेब के जरिये ड्रग्स, अश्लील फोटो व वीडियो, क्रेडिट कार्ड के विवरण आदि की खरीद-फरोख्त की जाती है. यहां फर्जी खबरों, सूचनाओं और अफवाहों का भी प्रचार-प्रसार किया जाता है, जिससे सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक अस्थिरता फैलने की आशंका रहती है. राजनीतिक दल, व्यक्ति विशेष और कारोबारी इस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल अपने एजेंडे और विविध उत्पादों के प्रचार-प्रसार के लिए करते हैं. चरमपंथी संगठन भी इसके माध्यम से आतंकवादी गतिविधियों का प्रचार-प्रसार करते हैं. चूंकि टेलीग्राम स्वतंत्र स्रोत और निजी मैसेजिंग को बढ़ावा देता है, इसलिए, इस पर लगाम लगाना मुश्किल है. व्हाट्सएप दुनिया का सबसे लोकप्रिय मैसेजिंग एप है. इसका इस्तेमाल भी अवैध और अनैतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है. व्हाट्सएप और टेलीग्राम दोनों में एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन की सुविधा होने के कारण गैर-कानूनी कार्यों को अंजाम देना आसान होता है. व्हाट्सएप फॉरवर्ड के जरिये अफवाहें और झूठी खबरें तेजी से फैलती हैं. कोरोना महामारी के दौरान भी वैक्सीन, स्वास्थ्य, सरकारी योजनाओं से जुड़ी भ्रामक जानकारी फैला कर लोगों को भ्रमित किया गया था. फर्जी लॉटरी और नौकरी का झांसा, बैंकिंग और ओटीपी धोखाधड़ी, क्रिप्टो में निवेश, झूठी निवेश योजनाओं, केवाइसी अपडेट धोखाधड़ी, सिम ब्लॉक होने आदि मैसेज भेजकर भी धोखाधड़ी की जा रही है. डीपफेक और मॉर्फ्ड फोटो के जरिये भी ठगी हो रही है. डेटिंग स्कैम के तहत लड़कियों के नाम से नकली प्रोफाइल बनाकर लोगों को ठगा जा रहा है. फर्जी व्हाट्सएप बिजनेस अकाउंट बना नकली सामानों को बेचा जा रहा है.

स्नैपचैट के डिसअपीयरिंग मैसेज फीचर का लाभ उठाकर ड्रग, हथियार, और नकली दस्तावेजों की खरीद-फरोख्त की जा रही है. यहां फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों से दोस्ती करना और फिर उनकी निजी तस्वीरें व वीडियो लीक करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करना आम हो गया है. अश्लील कंटेंट का स्नैपचैट एक बड़ा अड्डा बन चुका है. यहां पेड सब्सक्रिप्शन मॉडल सक्रिय है. निजी स्नैप या प्रीमियम स्नैप जैसे कोड वर्ड के जरिये गैरकानूनी तरीके से एडल्ट कंटेंट को यहां खरीदा व बेचा जाता है. वहीं फेसबुक और इंस्टाग्राम पर धोखाधड़ी एवं ठगी के लिए पैसे देकर फॉलोअर, लाइक, कमेंट व व्यूज खरीदे व बेचे जा रहे हैं. सोशल मीडिया पर फर्जी नौकरी के ऑफर, फर्जी लिंक भेजकर लोगों की निजी जानकारी व बैंक विवरण चुराये जा रहे हैं. आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस जैसे नकली पहचान पत्र बेचे जा रहे हैं. ऑनलाइन जुआ और सट्टेबाजी की जा रही है. इन प्लेटफॉर्मों पर फर्जी ब्रांड और ऑनलाइन स्टोर भी सक्रिय हैं, जो सस्ती दर पर उत्पाद बेचने का लालच देकर ठगी को अंजाम देते हैं. यूट्यूब भी ठगी का बड़ा माध्यम है. यहां भी गैर-कानूनी कंटेंट और अश्लील रील दिखाये जा रहे हैं. साथ ही, सब्सक्राइबर, व्यूज और लाइक खरीदे व बेचे जा रहे हैं. पायरेसी और कॉपीराइट उल्लंघन, फर्जी गुरु, फर्जी मोटिवेशनल स्पीकर सभी इस चैनल पर ठगी की दुकान चला रहे हैं. कई यूट्यूब चैनल भ्रामक खबरें, अफवाह और झूठे दावे फैलाकर करोड़ों व्यूज एवं पैसे कमाते हैं. धर्म, राजनीति और समाज से जुड़े विवादास्पद कंटेंट बनाकर भी पैसे कमाये जा रहे हैं. कई तरह के झूठे दावे किये जाते हैं, जिसमें स्वास्थ्य सबसे प्रमुख है. सरकार मैसेजिंग एप और सोशल मीडिया के जरिये हो रहे काले कारनामों से वाकिफ है।

पर अभी तक कोई ऐसा कानून या उपाय लेकर हमारे समक्ष नहीं आ पायी है, जिससे आमजन को इन परेशानियों से मुक्त कराया जा सके. ऐसे में यूजर्स को ही सावधान रहने की जरूरत है. नाबालिगों के संदर्भ में माता-पिता की जिम्मेदारी बदले परिवेश में बढ़ गयी है. उन्हें हर समय सतर्क रहने, बच्चों के साथ दोस्ताना व्यवहार रखने और उनके कार्य-कलापों पर कड़ी नजर रखने की जरूरत है.

(ये लेखक के निजी विचार हैं.)

# स्किन पर निकल गए हैं पिंपल्स, इन टिप्स को करें फॉलो

लोगों के चेहरे पर दाने निकल आते हैं. खासकर उन महिलाओं की ये समस्या ज्यादा होती है जिनकी स्किन ड्राई होती है. अगर आपकी भी स्किन बिगड़ गई है, तो घबराने की जरूरत नहीं है. कुछ घरेलू टिप्स अपनाकर आप इस समस्या से निजात पा सकते हैं. अगर इससे आराम ना मिले तो डॉक्टर की ये टिप्स अपनाकर आप अपनी स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बना सकते हैं.

**चेहरे को तुरंत करें क्लीन**

सबसे पहला काम स्किन की अच्छे से सफाई करना है. माइल्ड फेसवॉश या घर में बना उबटन (बेसन, दही और हल्दी) इस्तेमाल करें. इससे रंगों में मौजूद हार्श केमिकल्स हट जाएंगे और स्किन को नुकसान नहीं होगा.

**पिंपल्स को न छुएं, नहीं तो बढ़ेगी दिक्कत**

पिंपल्स को हाथ लगाने या फोड़ने से इंफेक्शन और बढ़ सकता है. इससे स्किन पर दाग-धब्बे भी रह सकते हैं. इसलिए इन्हें खुद से ठीक होने दें और किसी एंटी-पिंपल क्रीम का इस्तेमाल करें.

**खूब पानी पिएं, स्किन होगी हेल्दी**

शरीर में पानी की कमी हो जाती है, जिससे स्किन डल और बेजान लगने लगती है. कम पानी पीने से टॉक्सिन्स शरीर में ही रह जाते हैं, जिससे पिंपल्स बढ़ सकते हैं. इसलिए दिनभर में 8-10 गिलास पानी जरूर पिएं.

**तला-भुना और मीठा खाने से करें परहेज**

मिठाइयों का ज्यादा सेवन करने से स्किन ऑयली हो जाती है, जिससे पिंपल्स की समस्या बढ़ सकती है. कुछ दिनों तक हल्का और पौष्टिक खाना खाएं, जिसमें हरी सब्जियां, दालें और फल शामिल हों.

**एलोवेरा और गुलाब जल से करें स्किन को ठंडक**

अगर चेहरे पर पिंपल्स या जलन महसूस हो रही है, तो रात में एलोवेरा जेल लगाकर सोएं. गुलाब जल को फेस टोनर की तरह इस्तेमाल करें, इससे स्किन जल्दी रिकवर होगी. हल्दी, चंदन पाउडर और गुलाब जल का फेस पैक बनाकर 15 मिनट तक चेहरे पर लगाएं. इससे स्किन डीटॉक्स होगी और पिंपल्स धीरे-धीरे कम होने लगेंगे. अगर पिंपल्स ज्यादा हो रहे हैं और घरेलू नुस्खों से भी ठीक नहीं हो रहे, तो स्किन स्पेशलिस्ट से सलाह लें.

# हेडफोन-गेमिंग से बच्चों के बहरे होने का खतरा

– ललित गर्ग –

टेक्नोलॉजी विकास एवं उससे जुड़े नये-नये उपकरण आधुनिक जीवनशैली को भले ही बहुत आसान कर दिया हो लेकिन इसके अनियंत्रित उपयोग से भारी परेशानियों का सामना भी करना पड़ सकता है। अक्सर देखा जाता है कि जॉब करने वाले माता-पिता अपना टाइम बचाने एवं सुविधा के लिए बच्चों को छोटी उम्र में ही फोन और हेडफोन का उपयोग करने के लिए देते हैं। लेकिन ये उपकरण उनके बच्चों के लिए कितने नुकसानदायक एवं खतरनाक हैं इसका खुलासा नये-नये अध्ययनों से सामने आ रहा है, जो चिन्ताजनक एवं डरावना है। ऐसे ही एक अध्ययन में यह आशंका जतायी गयी है कि लगातार कानों पर मोबाइल व ईयरफोन लगाने का बच्चों की श्रवण शक्ति पर नकारात्मक असर पड़ रहा है और वे बधिरता से ग्रस्त होते जा रहे हैं। रिपोर्ट की मानें तो पिछले कई महीनों में बच्चों के कानों में दर्द, सुनने में परेशानी, बधिरता और संक्रमण की शिकायतें बहुत ज्यादा आ रही हैं। वहीं डॉक्टर्स का कहना है कि इन उपकरणों के उपयोग से कानों पर काफी ज्यादा जोर पड़ता है और घंटो तक तेज आवाज सुनने से सुनने की क्षमता कमजोर पड़ जाती है।



सांकेतिक तस्वीर

विश्व स्वास्थ्य संगठन और केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भी इस खतरे की पुष्टि कर रहे हैं। इसीलिए अभिभावकों को सर्तक किया गया है कि बहुत अधिक स्क्रीन टाइम और गैजेट्स की तेज ध्वनि से बच्चों की रक्षा करें। दरअसल, डब्ल्यूएचओ की दक्षिण पूर्व एशिया की निदेशक साइमा वाजेद ने कहा है कि दुनिया में 1.40 अरब लोग इस संकट से प्रभावित हुए हैं। जिसमें 40 करोड़ लोग दक्षिण पूर्व एशिया में बधिरता से ग्रस्त हो रहे हैं। एक अध्ययन के अनुसार वर्ष 2050 तक 1.6 अरब लोग बधिरता से प्रभावित हो सकते हैं। जिनमें अधिकांश लोग मध्यम व कम आय वर्ग के होंगे। यूं तो साठ साल के बाद सुनने की क्षमता प्राकृतिक रूप से कम हो जाती है, लेकिन हाल के वर्षों में लगातार कानों में ईयरफोन आदि लगाने से यह संकट बच्चों एवं युवाओं में बढ़ता जा रहा है। खासकर वे बच्चे एवं युवा जो लगातार लेपटॉप व मोबाइल पर गेमिंग व अन्य कार्यक्रम तेज आवाज में घंटों सुनते रहते हैं। पहले कम सुनने की समस्या दिखायी देती है और कालांतर में यह समस्या बहरेपन में तब्दील हो जाती है। दरअसल, कानों पर तकनीकी शोर का इतना अधिक दबाव बढ़ गया है कि बच्चे एवं युवा अपनी सुनने की प्राकृतिक क्षमता खोने लगे हैं। जो एक विश्वव्यापी आसन्न गंभीर संकट को ही दशार्ता है, इसे नियंत्रित नहीं किया गया तो बहरों की दुनिया बनने से रोकना मुश्किल हो जायेगा।

विज्ञान के अनुसार, हमारे कानों के सुनने की क्षमता निर्धारित है। हमारे कानों के लिए 40 से 60 डेसिबल सुनने की क्षमता निर्धारित की है जो सही है, लेकिन इससे ऊपर यानी 85 से 100 डेसिबल साउंड कानों के लिए खतरनाक है। यूं तो बहरापन उम्र के साथ आता है लेकिन पिछले कुछ दशकों में कम सुनाई देने यानी बहरेपन की समस्या तेजी से युवाओं और बच्चों को अपना शिकार बना रही है और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस पर चिंता जाहिर की है। युवाओं एवं बच्चों में बढ़ते मोबाइल एवं ईयरफोन के प्रचलन एवं तेज आवाज में गाने एवं संगीत सुनने की लत से पिछले कुछ सालों में बहरेपन का संकट बढ़ता जा रहा है। आंकड़ों की बात करें तो पिछले दशकों में दुनिया में 3.4 करोड़ से अधिक बच्चों में कम सुनाई देने की क्षमता के केस सामने आए हैं। यह दुनिया की एक भयावह एवं चुनौतीपूर्ण समस्या की ओर बढ़ने का संकेत है, एक पूरी पीढ़ी के बहरे होने की चुनौती को खड़ा कर रहा है। विडंबना यह है कि जीवनशैली में नित-नये आ रहे बदलावों तथा शिक्षा कार्यों के लिये ऑनलाइन रहने की दलील ने बच्चों को मोबाइल-लेपटॉप-ईयरफोन का आदी बना दिया है। तेज आवाज का संगीत व तरह-तरह के कंसर्ट बच्चों को लुभाते हैं। ऐसे में अभिभावक बच्चों को इस संकट की भयावहता से अवगत कराएं तथा समय-समय पर उनके कानों का चेकअप कराते रहें। कोशिश हो रचनात्मक तरीके से उनकी इस आदत को बदलने का प्रयास किया जाए।

हेल्थ एक्सपर्ट का कहना है कि सामान्य तौर पर 60 साल के बाद लोगों में सुनने की क्षमता कम होने लगती है। लेकिन जिस तरह की जीवनशैली आज के युवा एवं बच्चे अपना रहे हैं, उससे कम उम्र में ही ये क्षमता कमजोर हो रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह ईयरफोन और हैडफोन को बताया जा रहा है। नए जमाने में हैडफोन और ईयरफोन भले ही काफी उपयोगी हों लेकिन इनका ज्यादा इस्तेमाल करने से युवा एवं बच्चें बहरेपन के रिस्क में आ रहे हैं। माना जा रहा है कि जितने ज्यादा डेसिमल में हेडफोन यूज किया जाएगा, उतना ही ज्यादा कानों को नुकसान होगा। जिस तरह से आजकल के युवा एवं बच्चे हैडफोन और ईयरफोन का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं, उससे उनके कान तेज आवाज के संपर्क में लगातार रहते हैं और इससे कान की नाजुक मांसपेशियों को नुकसान पहुंच रहा है एवं बेहरेपन की समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है।

दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि आज मोबाइल फोन, लेपटोप, हैडफोन और ईयरफोन एक आवश्यक बुराई बन चुका है। आज नई पीढ़ी इस संबंध में मां-बाप एवं शिक्षकों की नसीहतों एवं हिदायतों पर ध्यान कम ही देती है। ऐसे में स्कूल-कालेजों में शिक्षकों व सामाजिक अभियानों से जुड़े लोगों को जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। सरकार भी इसके लिये जागरूक करें। विभिन्न सूचना माध्यमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों से बच्चों को जागरूक करने के लिये मुहिम चलाने का कुछ लाभ जरूर मिल सकता है। लेकिन विडंबना यह है कि हरदम कानों पर मोबाइल व ईयरफोन तथा बड्स आदि लगाना स्टेटस सिंबल बन गया।

व्यक्ति खुद व्यस्त होने का दिखावा करता रहता है। वैसे भी महानगरों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में ध्वनि प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसके खतरों को लेकर समाज में जागरूकता के प्रचार-प्रसार की सख्त जरूरत होती है। बच्चों को लेकर अभिभावकों व शिक्षकों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है, क्योंकि उनके लंबे जीवन पर बहरेपन का संकट मंडराने का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। आधुनिक सुनने के उपकरणों एवं तेज आवाज से कान की नसों और हियरिंग सेल्स को नुकसान हो सकता है, जिससे बहरापन भी हो सकता है। एक समय था जब कम सुनाई देने की शिकायत बुजुर्ग किया करते थे, लेकिन बदलती जीवनशैली के कारण कम उम्र में भी लोगों में यह समस्या होने लगी है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से सुनने की क्षमता को बेहतर बनाया जा सकता है

मानव जीवन में सुनने की क्षमता का अक्षुण्ण रहना जीवन की परिपूर्णता का परिचायक है। इस सचाई को नहीं नकारा जा सकता कि श्रवण यानी सुनने की क्षमता जीवन को नया आकार देने, मानसिक दरिद्रता का निवारण करने तथा ऊंचे ध्येय की पूर्ति हेतु आगे बढ़ने की सही चाबी है। जैसे दवा रोग नाशक होती है, पर गलत दवा के सेवन से रोग घटने की अपेक्षा अधिक बढ़ जाता है, वैसे ही गलत जीवनशैली, गलत तरीको से जीने, गलत तरीके से सुनने की क्षमता का उपयोग करने, अनियंत्रित शोर-शराबे को सुनने से जीवन में विकृतियां एवं परेशानियां घुस जाती है और अनेक तरह के श्रवण रोगों का हमला होने लगता है। इसलिये सुनने की क्षमता का सम्यक उपयोग जरूरी है।

देखना और सुनना- ये दोनों ही जीवन-विकास एवं ज्ञान-वृद्धि के माध्यम है। पर सुनना अधिक शक्तिशाली साधन है, क्योंकि आंखों में जो दृश्य प्रतिबिम्बित होते हैं, वे तात्कालिक होते हैं। श्रवण-पथ से ही हम ज्ञान के साथ-साथ दीर्घकालिक अनुभवों को आत्मसात कर सकते हैं। इसलिये श्रवण-पथ या सुनने की क्षमता पर हो रहे हमलों को हम गंभीरता से ले अन्यथा सुनने की पंगुता हमारे जीवन का अभिशाप बन सकती है।

# सुलगता बलूचिस्तान !

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को जो हुआ, उससे दहशतगर्दी का एक नया और खौफनाक रूप सामने आया है। बलूच लिबरेशन आर्मी के आतंकियों ने यात्रियों से भरी चलती ट्रेन को हाईजैक कर लिया और ४००-५०० यात्रियों को बंधक बना लिया। इसमें आम जनता के साथ-साथ पाकिस्तानी सैनिक, पुलिस, आतंकवाद विरोधी दस्ते और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के अधिकारी भी शामिल हैं। कहना होगा कि यह बलूच लिबरेशन आर्मी द्वारा पाकिस्तान सरकार और सेना को दिया गया अब तक का सबसे बड़ा झटका है। दोपहर में जब क्वेटा से पेशावर जानेवाली जाफर एक्सप्रेस मशफाक सुरंग के पास पहुंची तो बीएलए आतंकवादियों ने विस्फोट कर ट्रेन पर हमला कर दिया और पूरी ट्रेन को अपने कब्जे में ले लिया। यात्रियों को बंधक बना लिया गया। पाकिस्तानी सेना ने अब बंधकों को छुड़ाने के लिए ऑपरेशन शुरू कर दिया है। उसका दावा है कि उसने १०० से अधिक बंधकों को छुड़ाया है और कुछ आतंकवादियों को मार गिराया है। उधर, बीएलए ने कहा है कि उसने कुछ बंधकों को छोड़ दिया है और करीब तीस पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया है। ट्रेन हाईजैक के इस आतंकी ड्रामा पर पर्दा गिरने तक दोनों तरफ से दावे-प्रतिदावे जारी रहेंगे। लेकिन सच तो यह है कि बलूच आतंकवादियों ने पूरी ट्रेन को हाईजैक कर पाकिस्तान के सिर पर कील ठोक दी है। जब पाकिस्तान का निर्माण हुआ तो बलूचिस्तान को देश में मिला लिया गया। तभी से बलूच लोगों और पाकिस्तानी हुक्मरानों, फौज के बीच संघर्ष जारी है। पाकिस्तानी हुक्मरानों द्वारा दमन, विकास की उपेक्षा, समृद्ध इलाके के बावजूद बलूच लोगों के हिस्से आई गरीबी और शुरू से ही पाकिस्तान में शामिल होने के विरोध के कारण स्वतंत्र बलूचिस्तान की मांग को लेकर दशकों से तहरीक, आंदोलन होते रहे हैं। यह अब दहशतगर्दी और आत्मघाती गतिविधियों तक पहुंच गया है। बलूचिस्तान में चीन द्वारा बनाए जा रहे ग्वादर बंदरगाह और वहां से चीन तक जानेवाले पाकिस्तान-चीन इकोनॉमिक कॉरिडोर की परियोजनाओं से बलूच लोगों को लग रहा है कि चीन पाकिस्तान के साथ मिलकर उनकी खनिज संपदा भी लूट लेगा। इसके चलते चीनी सैनिकों पर हमले बढ़ गए हैं। ग्वादर और पाकिस्तान-चीन इकोनॉमिक कॉरिडोर दोनों परियोजनाएं भूराजनीतिक तौर पर भारत के लिए भी खतरे की घंटी हैं। इसलिए पाकिस्तानी हुक्मरान आरोप लगा रहे हैं कि भारत बलूच विद्रोहियों की आग में घी डाल रहा है। अब भी जाफर एक्सप्रेस के अपहरण के पीछे भारत के होने का राग पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ अलाप रहे हैं। दशकों पहले, भारत में आतंकवादी हमलों के लिए व्यापक रूप से पाकिस्तान का हाथ बताया जाता था। अब पाकिस्तानी हुक्मरानों को बलूचिस्तान में बलूच आतंकवादियों की गतिविधियों के पीछे भारत का हाथ नजर आता है। बलूचिस्तान, वहां के आंदोलन और उसके प्रति पाकिस्तान की नीति, यह उस देश का मुद्दा है। बहरहाल, पाकिस्तान के हुक्मरानों को इस बात पर आत्ममंथन करना चाहिए कि हालात इतने खराब क्यों हुए, वैष्ठसे वहां का जनआंदोलन अब सीधे आतंकवादी-आत्मघाती हमलों, पूरी यात्री ट्रेन को हाईजैक करने तक पहुंच गया है। बलूच विद्रोहियों का क्या हश्र होगा, क्या पाकिस्तान चीन की मदद से उनकी गतिविधियों को कुचलने में सफल होगा, क्या बलूचिस्तान पाकिस्तान के लिए दूसरा बांग्लादेश बन जाएगा ऐसे कई सवाल बलूच लिबरेशन आर्मी के आतंकियों द्वारा जाफर एक्सप्रेस के अपहरण से खड़े हो गए हैं।

# जीडीपी की अंधी दौड़ से बढ़ेगा प्रदूषण

– डॉ. सुदर्शन अयंगर

खतरनाक रूप से उच्च वायु प्रदूषण के स्तर में वाले शहरों की सूची में अधिक कस्बों और शहरों को जोड़ा जाएगा। प्रदूषण घटाने के प्रयास वस्तुओं व सेवाओं के उत्पादन को और बढ़ाएंगे जो सकल घरेलू उत्पाद में जोड़ देंगे। अधिक संपन्नता के कारण सड़कों पर जीवाश्म ईंधन से चलने वाले मोटर चालित वाहनों की मांग बढ़ेगी। गतिहीन जीवन मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय और कार्डियो-श्वसन समस्याओं जैसी जीवनशैली की बीमारियों को जन्म देगा।



12 मार्च को एक राष्ट्रीय समाचारपत्र के अहमदाबाद संस्करण में एक शीर्षक ने ध्यान आकर्षित किया, क्या उपभोग की गरमाहट खपत को ठंडा कर सकती है? विडंबना यह है कि 1930 में 12 मार्च के ही दिन गांधीजी और उनके चुने हुए 79 सत्याग्रहियों ने नमक कानून तोड़ने के लिए सुबह 6 बजे साबरमती आश्रम छोड़ दिया था। यही था सुप्रसिद्ध दांडी मार्च। प्रामाणिक दस्तावेजों में उस ऐतिहासिक दिन के विवरण में असामान्य गर्मी या तापमान में वृद्धि का उल्लेख नहीं किया गया था। 95 साल में मौसम विभाग ने रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अहमदाबाद में 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान के साथ भीषण गर्मी पड़ रही है। उस जमाने में तब शायद ही कोई मध्यवर्गीय अपने घर में पंखा लगे होने का दावा कर सकता था। होली के त्यौहार के समय सुबह ठंडी होती थी और दोपहर में तापमान 35 डिग्री से ऊपर नहीं जाता था। 22 दिसंबर, 1916 को गांधीजी ने इलाहाबाद में अर्थशास्त्रियों के समक्ष व्याख्यान दिया था जिसका शीर्षक था क्या आर्थिक प्रगति वास्तविक प्रगति से टकराती है? 12 मार्च को प्रकाशित इस समाचार में यह प्रश्न पुनः उठाया गया है।

समाचार रिपोर्ट में कहा गया है- आधिकारिक मौसम एजेंसी ने चेतावनी दी है कि इस साल अधिक तीव्र गर्मी पड़ेगी। इस चेतावनी में भी उम्मीद की एक परत है क्योंकि तापमान सामान्य से अधिक होता है इसलिए एयर कंडीशनर, कूलर और शीत पेय पदार्थ जैसे उत्पादों की बिक्री में विशेष रूप से मजबूती देखी जाती है। यह मजबूती भारत की शहरी खपत में चल रही मंदी के बीच उपभोक्ता आधारित कंपनियों के लिए राहत प्रदान करता है। इस संदर्भ में गांधीजी ने अपने व्याख्यान में कहा था- पश्चिमी देश आज भौतिकवाद के राक्षस-देवता की एड़ी के नीचे कराह रहे हैं। उनका नैतिक विकास अवरुद्ध हो गया है। वे अपनी प्रगति को पाउंड में मापते हैं। साउथ डकोटा अमेरिकी धन मानक बन गया है। वह अन्य राष्ट्रों के लिए ईर्ष्या का विषय है। मैंने अपने कई देशवासियों को यह कहते सुना है कि हम अमेरिकी धन हासिल करेंगे लेकिन इसके तरीकों से बचें। मैं यह सुझाव देने का साहस करता हूं कि यदि ऐसा प्रयास करते हैं तो और यदि यह किया गया था, तो यह विफलता का पूवार्भास है। (कलेक्टेड वर्क्स ऑफ महात्मा गांधी, खंड 13, पृष्ठ 310-17)

कयामत के दिन के बारे में गांधीजी द्वारा की गयी भविष्यवाणी भले ही सच साबित न हुई हो लेकिन प्रतिकूल जलवायु परिवर्तन तेजी से महसूस किया जा रहा है। उपर्युक्त समाचार में मुद्दा यह है कि प्रतिकूल जलवायु की स्थिति में भारत के सकल घरेलू उत्पाद को बढ़ाने की क्षमता है! कोई यह तर्क दे सकता है कि गर्मियों के महीनों (मार्च-जुलाई) में आम तौर पर कुछ उपभोक्ता सामग्रियों, जैसे कोल्ड ड्रिंक, टैल्कम पाउडर, आइसक्रीम आदि की मांग में वृद्धि होती है। हालांकि, पिछले तीन दशकों में फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) सेगमेंट ने बिक्री में 40 से 60 फीसदी के बीच अधिक वृद्धि दिखाई है। तर्क यह है कि गर्मी में लू की घटनाएं जितनी अधिक होती हैं तथा दिन व रात का तापमान जितना अधिक होता है, कूलर और एयर कंडीशनर जैसे शीतलता प्रदान करने वाले उपकरणों की बिक्री उतनी ही अधिक होती है। यदि सर्दियों में शीत लहर चली तो भी इसी तरह के तर्क दिए जाएंगे।उस समय हीटिंग उपकरणों, गर्म कपड़ों और विशेष खाद्य व पेय पदार्थों के अधिक बाजार होंगे।

क्या यह एक चक्र नहीं है? और क्या हम इसमें फंस नहीं गए हैं? यह सब ऊर्जा उपयोग में भारी वृद्धि का कारण बनेगा जिनमें से अधिकांश जीवाश्म ईंधन आधारित है। कार्बन और अन्य ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में वृद्धि होगी। यह कम कार्बन वाली वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन करने के लिए प्रौद्योगिकी और मशीनों में अधिक सार्वजनिक और निजी निवेश को आकर्षित करेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व सुपर ऑटोमेशन कम लागत और प्रतिस्पर्धी होने के लिए काम पर कम लोगों को सहन करेंगे। बेरोजगारों के कल्याण के लिए राज्यों को कल्याणकारी कार्यक्रम और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने वाली खैराती योजनाएं लागू करनी होंगी।

खतरनाक रूप से उच्च वायु प्रदूषण के स्तर में वाले शहरों की सूची में अधिक कस्बों और शहरों को जोड़ा जाएगा। प्रदूषण घटाने के प्रयास वस्तुओं व सेवाओं के उत्पादन को और बढ़ाएंगे जो सकल घरेलू उत्पाद में जोड़ देंगे। अधिक संपन्नता के कारण सड़कों पर जीवाश्म ईंधन से चलने वाले मोटर चालित वाहनों की मांग बढ़ेगी। गतिहीन जीवन मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय और कार्डियो-श्वसन समस्याओं जैसी जीवनशैली की बीमारियों को जन्म देगा।

सामान्य और सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों के साथ-साथ अधिक पेशेवर व्यायामशालाएं तथा अधिक प्रशिक्षक सामने आएंगे। मोटी फीस लेने वाले विश्वविद्यालयों में इन समस्याओं से निपटने के लिए अधिक तकनीकी और विशेष शैक्षिक पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। ऐसा मालूम होता है या इससे यह संदेश मिल रहा है कि निरंतर जलवायु परिवर्तन में ही जीडीपी वृद्धि की संभावना निहित है। चेतावनी जारी करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) मौजूद नहीं होगा।

## विकासशील देशों को दोहरे मापदंडों का दंश झेलना पड़ा है, वैश्विक संस्थानों में मिले उचित जगह-मोदी

**रियो डी जेनेरियो।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकासशील देशों को दोहरे मापदंडों का शिकार बताते हुए कहा है कि इन देशों के हितों को कभी प्राथमिकता नहीं दी गयी और उन्हें वैश्विक संस्थानों में उचित प्रतिनिधित्व नहीं दिये जाने से इन संस्थानों के पास 21 वीं सदी की चुनौतियों का समाधान नहीं है। श्री मोदी ने शाम 17 वें ब्रिक्स सम्मेलन में वैश्विक शासन से संबंधित सत्र में जोर देकर कहा कि अब समय आ गया है कि विकासशील देशों को वैश्विक संस्थानों में पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा अपने हितों से ऊपर उठकर मानवता के हित में काम करना अपना दायित्व समझा है। उन्होंने कहा कि भारत ब्रिक्स देशों के साथ मिलकर सभी विषयों पर रचनात्मक योगदान देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। विकासशील देशों के साथ होते आये भेदभाव का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इन देशों को अक्सर दोहरे मापदंडों का दंश झेलना पड़ा है। उन्होंने कहा ग्लोबल साउथ अक्सर दोहरे मापदंडों का शिकार रहा है। चाहे विकास की बात हो, संसाधनों का वितरण हो, या सुरक्षा से जुड़े विषय हों, ग्लोबल साउथ के हितों को प्राथमिकता नहीं मिली है। जलवायु वित्त, सतत विकास और प्रौद्योगिकी तक पहुंच जैसे विषयों पर ग्लोबल साउथ को अक्सर प्रतीकात्मक हिस्सेदारी के अलावा कुछ नहीं मिला।

## नाइजीरिया में सड़क हादसे में 21 की मौत, तीन घायल

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तरी प्रांत कानो में एक ट्रक और बस की आमने-सामने की टक्कर में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गए। कानो स्टेट फेडरल रोड सेफ्टी कॉर्प्स के सेक्टर कमांडर मुहम्मद बटुरे ने कहा कि यह दुर्घटना कासुवार डोगो क्षेत्र में जारिया-कानो राजमार्ग पर बस चालक की गलती के कारण घटित हुयी। हादसे के समय बस चालक गलत मार्ग पर गाड़ी चला रहा था। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के कारण आग लग गयी और दोनों वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। उन्होंने बताया कि घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## टेक्सास में विनाशकारी बाढ़: मरने वालों की संख्या 82 पहुंची, दर्जनों लोग अब भी लापता; राहत एवं बचाव कार्य जारी

**टेक्सास।** अमेरिका के टेक्सास में आई विनाशकारी बाढ़ से भारी तबाही मची हुई है। ताजा जानकारी के अनुसार, मरने वालों की संख्या बढ़कर 82 हो गई है, जबकि दर्जनों लोग अभी भी लापता हैं। विशेष रूप से, में स्थिति गंभीर बनी हुई है, जहां फ्लैश फ्लड के कारण कम से कम 68 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 28 बच्चे शामिल हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस त्रासदी को '100 साल की तबाही' बताया है और घोषणा की है कि वह संभवतः शुक्रवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे। यह भीषण बाढ़ 4 जुलाई को अमेरिका के स्वतंत्रता दिवस सप्ताहांत की शुरुआत में आई, जब मध्य टेक्सास के हिल कंट्री में कुछ ही घंटों में 12 इंच (30 सेंटीमीटर) से अधिक बारिश हुई। ग्वारूटे नदी का जलस्तर अविश्वसनीय रूप से 45 मिनट में 26 फीट (8 मीटर) बढ़ गया, जिससे कई घर और वाहन बह गए। कैंप मिस्टिक , एक शताब्दी पुराना क्रिश्चियन गर्ल्स कैंप, सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है, जहां 10 लड़कियां और एक काउंसलर अभी भी लापता हैं।

## रूस ने यूक्रेन के छह ड्रोन को मार गिराया

**मास्को।** रूसी वायु रक्षा बलों ने सोमवार मास्को पर हमला करने की कोशिश कर रहे छह यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया। मास्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा कि आपातकालीन सेवाओं के विशेषज्ञ दुर्घटनास्थल पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पिछले महीनों में मास्को को लक्षित करके हजारों ड्रोन छोड़े गये हैं, लेकिन इनमें से कुछ ही मास्को तक पहुंचने में कामयाब रहे। कोई गंभीर क्षति नहीं हुई है। गौरतलब है कि रूस और यूक्रेन द्वारा एक-दूसरे पर हमला करने के लिए ड्रोन का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाता है।

## वियतनाम आवासीय इमारत में आग लगने से आठ की मौत

**हनोई।** वियतनाम के दक्षिणी हो ची मिन्ह शहर में एक आवासीय इमारत में रात आग लगने से दो बच्चों सहित आठ लोगों की मौत हो गयी। वियतनाम समाचार एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि आग स्थानीय समयानुसार रात करीब 10 बजे फु थो होआ वार्ड में एक अपार्टमेंट परिसर के भूतल इकाई में लगी थी। पड़ोसियों ने पोर्टेबल अग्निशामक यंत्रों का उपयोग करके आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन उनके प्रयास असफल रहे। आग तेजी से फैल गयी, जिससे अफरा-तफरी मच गई और निवासियों को घबराहट में इमारत से बाहर निकलना पड़ा। मोटरबाइक, साइकिल और कार सहित कई वाहन आग से पूरी तरह नष्ट हो गए। वियतनाम के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार इस वर्ष की पहली छमाही में देश भर में कुल 1,723 आग और विस्फोट हुए, जिसके कारण 48 लोगों ने जान गंवाई है और 75 घायल हुए।

# 'एआई के युग में हर सप्ताह टेक्नोलॉजी अपडेट होती है', ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में बोले पीएम मोदी

**एजेंसी**

**रियो डी जेनेरियो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों पांच देशों की यात्रा पर हैं। वह अपनी यात्रा के चौथे पड़ाव में ब्राजील पहुंचे हैं, जहां उन्होंने रियो डी जेनेरियो में आयोजित 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शिरकत की। उन्होंने सम्मेलन के शानदार आयोजन के लिए ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ब्राजील की अध्यक्षता में ब्रिक्स के अंतर्गत सहयोग को नई गति और उर्जा मिली है, और इसके लिए राष्ट्रपति लूला की दूरदर्शिता तथा उनकी अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की।

प्रधानमंत्री मोदी ने इंडोनेशिया के ब्रिक्स परिवार से जुड़ने पर राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो को भारत की ओर से बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ अक्सर दोहरे मापदंडों का शिकार होता रहा। चाहे




विकास की बात हो, संसाधनों का वितरण हो या सुरक्षा से जुड़े विषय हों, ग्लोबल साउथ के हितों को प्राथमिकता नहीं मिली है। जलवायु वित्त, सतत विकास और प्रौद्योगिकी जैसे विषयों पर ग्लोबल साउथ को कभी कुछ नहीं मिला।उन्होंने कहा कि 20वीं सदी में बने वैश्विक संस्थानों में मानवता के दो-तिहाई हिस्से को पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। जिन देशों का आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान है, उन्हें निर्णय लेने के मंच पर नहीं बिठाया गया है। यह केवल प्रतिनिधित्व का प्रश्न नहीं है, बल्कि विश्वसनीयता और प्रभावशीलता का भी प्रश्न है। बिना ग्लोबल साउथ के ये संस्थाएं वैसी ही लगती हैं, जैसे मोबाइल में सिम तो है, पर नेटवर्क नहीं। ये संस्थान 21वीं सेंचुरी की चुनौतियों से निपटने में असमर्थ हैं। विश्व के अलग-अलग हिस्सों में चल रहे संघर्ष हों, महामारी हों, आर्थिक संकट हों, या साइबर और स्पेस में नई उभरती चुनौतियों को लेकर इन संस्थानों के पास कोई समाधान नहीं है। पीएम मोदी ने कहा कि आज विश्व को नए बहुध्रुवीय एवं समावेशी विश्व व्यवस्था की जरूरत है। इसकी शुरुआत वैश्विक संस्थानों में व्यापक सुधार से करनी होगी। सुधार केवल प्रतीकात्मक नहीं होने चाहिए, बल्कि इनका वास्तविक असर भी दिखना चाहिए। शासन संरचना, मतदान अधिकार और नेतृत्व पद में बदलाव आना चाहिए।

## इजराइली हमले में 38 फिलीस्तीनियों की मौत, संघर्ष विराम वार्ता के लिए प्रतिनिधिमंडल कतर रवाना

**एजेंसी**

**दीर अल-बलाह।** इजराइली हवाई हमलों में गाजा में कम से कम 38 फिलीस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब इजराइल ने संघर्ष विराम वार्ता के लिए अपना एक प्रतिनिधिमंडल कतर भेजा है, जहां प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के अमेरिका दौरे से पहले समझौते की दिशा में बातचीत होगी।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सोमवार को नेतन्याहू से व्हाइट हाउस में मुलाकात करेंगे। इससे पहले ट्रंप ने एक 60-दिन के प्रारंभिक संघर्ष विराम का प्रस्ताव रखा है, जिसके तहत हमास के कब्जे में बंधकों की रिहाई के बदले गाजा में मानवीय सहायता की आपूर्ति बढ़ाने की बात कही गई है। इस प्रस्तावित योजना में 21 महीने से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए विस्तृत वार्ता का भी प्रावधान है। इस बीच, एक इजराइली अधिकारी ने बताया कि शनिवार देर रात सुरक्षा कैबिनेट ने उत्तरी गाजा में सहायता भेजने की अनुमति दे दी है, जहां भोजन और दवाओं की भारी कमी है। यह निर्णय सार्वजनिक रूप से साझा नहीं किया गया है।

इस पूरे घटनाक्रम के बीच यमन स्थित ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने दावा किया है कि उन्होंने इजरायल के बेन गुरियन एयरपोर्ट को निशाना बनाकर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। हालांकि, इजराइली सेना ने कहा कि उन्होंने सभी मिसाइलों को सफलतापूर्वक इंटरसेप्ट कर लिया है। उल्लेखनीय है कि मार्च के महीने में संघर्ष विराम टूटने के बाद से उत्तरी गाजा में सहायता लगभग ठप है। वर्तमान में सबसे निकटतम सहायता वितरण केंद्र गाजा शहर के दक्षिण में नेटजारिम कॉरिडोर के पास स्थित है, जो उत्तर और दक्षिण गाजा को विभाजित करता है।

# नेपाल में डॉक्टरों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल के कारण चिकित्सा सेवाएं बाधित

**एजेंसी**

**काठमांडू।** नेपाल मेडिकल एसोसिएशन (एनएमए) द्वारा बुलाए गए राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन के बाद आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर पूरे नेपाल में चिकित्सा सेवाएं आज से बंद कर दी गई हैं। यह विरोध उपभोक्ता अदालतों के हालिया फैसलों के जवाब में शुरू किया गया, जिसके बारे में डॉक्टरों का कहना है कि उन्होंने चिकित्सा नैतिकता और पेशेवर आचरण की देखरेख करने वाले वैधानिक नियामक निकाय नेपाल चिकित्सा परिषद (एनएमसी) के अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण किया है। आज से शुरू हुई देशव्यापी हड़ताल चिकित्सा समुदाय और न्यायपालिका के बीच हफ्तों से बढ़ते तनाव के चलते है। हाल के फैसलों में, उपभोक्ता अदालत ने चिकित्सा लापरवाही के मामलों में पर्याप्त मुआवजे का आदेश दिया, जिनमें काठमांडू के ओम अस्पताल को 50 लाख रुपये, हिमालय अस्पताल और इसमें कार्यरत डॉक्टरों को एक करोड़ 45 लाख रुपये जुर्माना लगाया था। इसी तरह ग्रांडी सिटी अस्पताल और



उसके चिकित्सकों को रोगियों के संबंधित परिवारों को 57 लाख रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया गया था। उपभोक्ता अदालत ने डॉक्टरों और अस्पताल की लापरवाही से मरीजों की हुई मौत के बाद अस्पताल और डॉक्टरों पर भरी भरकम जुर्माना लगाने के विरोध में ही आज से हड़ताल का आह्वान किया गया है। एनएमए के महासचिव ने बयान जारी कर कहा है कि सरकार ऐसा कानून लाए जिससे डॉक्टरों और अस्पताल को लेकर इस तरह का कोई भी फैसला लेने का अधिकार सिर्फ मेडिकल काउंसिल को ही दिया जाना चाहिए। एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि यदि उसकी मांगों को विधायी संशोधन के माध्यम से पूरा नहीं किया जाता है तो वह विरोध को और बढ़ा सकता है।

## ब्रिक्स देशों की 'अमेरिका विरोधी' नीतियों का समर्थन करने वाले देशों पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क: ट्रम्प

**एजेंसी**

वाशिंगटन।) अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्रिक्स राष्ट्रों की कथित 'अमेरिका विरोधी' नीतियों का समर्थन करने वाले देशों पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त व्यापार शुल्क लगाने की धमकी दी है। श्री ट्रम्प ने सोशल मीडिया 'ट्रुथ' पर कहा, ब्रिक्स की अमेरिका विरोधी नीतियों का जो भी देश समर्थन करेगा उस पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाया जाएगा और इस नीति में कोई अपवाद नहीं होगा। गौरतलब है कि पश्चिमी आधिपत्य को चुनौती देने और विकासशील देशों की आवाज को बढ़ावा देने के लिए ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका द्वारा एक वैकल्पिक मंच के रूप में स्थापित इस अंतरराष्ट्रीय बहुपक्षीय संगठन की अमेरिकी राष्ट्रपति काफी लंबे समय से आलोचना करते रहे हैं।ब्रिक्स को कई देशों ने एक अनुकूल संगठन के रूप में स्वीकार किया है और उन्होंने इसमें शामिल होने की इच्छा व्यक्त की है। पिछले वर्ष मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को शामिल किया गया था और इस वर्ष इसमें वियतनाम एक भागीदार राष्ट्र बन गया।

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि संगठन के देशों ने अमेरिकी शुल्क नीतियों की आलोचना करते हुए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में सुधार का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने प्रमुख मुद्राओं के मूल्यांकन का मुद्दा भी उठाया था और इसी के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह धमकी दी है। ब्रिक्स देशों ने रविवार को ब्राजील की राजधानी रियो डी जेनेरियो में बैठक शुरू की जिसमें वैश्विक संस्थाओं में सुधार का आह्वान किया गया और बढ़ते व्यापार संघर्षों और भू-राजनीतिक तनावों के बीच इस गठबंधन को कूटनीति के लिए एक मंच के रूप में स्थापित करने की बात भी कही थी । ब्रिक्स देशों के वित्त मंत्रियों की ओर से जारी एक संयुक्त बयान में विभिन्न शुल्कों की निंदा की गयी और उन्हें वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बताया गया। इन शुल्कों पर 'अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक और व्यापार गतिविधियों में अनिश्चितता' लाने का आरोप लगाया गया। ब्रिक्स देशों ने जून में ईरान पर किए गये सैन्य हमलों की निंदा करते हुए इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया है।इस शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा सहित विश्व के नेताओं ने व्यक्तिगत रूप से हिस्सा लिया। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इसमें ऑनलाइन भाग लिया।

# पीएम मोदी ने क्यूबा में सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था में आयुर्वेद शामिल करने की सराहना की

**एजेंसी**

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील में 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डिआज-कैनेल बरमूडेज से मुलाकात की। इससे पहले 2023 में जोहान्सबर्ग में हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी पीएम मोदी ने राष्ट्रपति डिआज-कैनेल से मुलाकात की थी, जब क्यूबा को विशेष अतिथि के रूप में बुलाया गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने क्यूबा के राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान क्यूबा द्वारा आयुर्वेद को मान्यता देने पर धन्यवाद दिया और क्यूबा की सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में आयुर्वेद को शामिल करने के लिए सहयोग देने की बात कही। प्रधानमंत्री ने क्यूबा द्वारा भारतीय फार्माकोपिया को मान्यता दिए जाने का भी प्रस्ताव रखा, जिससे भारतीय जेनेरिक दवाओं तक उनकी पहुंच हो सकेगी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया



प्लेटफॉर्म एक्स रक लिखा, क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डिआज-कैनेल बरमूडेज से मिलना अद्भुत था। हमारी बातचीत में हमने कई विषयों पर चर्चा की। आने वाले समय में हमारे देशों के बीच आर्थिक संबंधों में बहुत वृद्धि की संभावना है। प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा जैसे क्षेत्र भी समान रूप से आशाजनक हैं। क्यूबा में आयुर्वेद की बढ़ती स्वीकार्यता निश्चित रूप से एक बड़ी बात है। हमने आपदा प्रबंधन तंत्र को मजबूत करने के तरीकों पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में बताया कि दोनों नेताओं ने आर्थिक सहयोग, विकास साझेदारी, फिनटेक, क्षमता निर्माण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, आपदा प्रबंधन और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। डिजिटल क्षेत्र में भारत की विशेषज्ञता को स्वीकार करते हुए, क्यूबा के राष्ट्रपति ने भारत के डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर और यूपीआई में दिलचस्पी दिखाई। दोनों नेताओं ने स्वास्थ्य, महामारी और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्रों सहित ग्लोबल साउथ के लिए चिंता के मुद्दों पर काम करने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर दोनों देशों के बीच सहयोग की भी सराहना की। आयुर्वेद, भारत का एक स्वदेशी प्राचीन चिकित्सा विज्ञान है, जो 5 हजार सालों से अधिक पुराना है और इसे अथर्ववेद का उपवेद माना जाता है।

# बांग्लादेश में चुनाव में देरी अलोकतांत्रिक : बीएनपी

**एजेंसी**

**ढाका।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा कि जो लोग आगामी संसदीय चुनाव में देरी करना चाहते हैं, वे न तो लोकतंत्र समर्थक हैं और न ही जुलाई-अगस्त 2024 में हुए उस जनआंदोलन के पक्षधर हैं जिसने शेख हसीना सरकार को सत्ता से हटाया था।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फखरुल ने कहा कि लोग तुरंत चुनाव चाहते हैं। हमने यह पहले भी कहा है और एक बार फिर दोहरा रहे हैं। जनता अब और प्रतीक्षा नहीं करना चाहती। इस समय बांग्लादेश में अंतरिम सरकार का शासन है, जिसकी अगुवाई नोबेल शांति पुरस्कार विजेता प्रो. मुहम्मद यूनुस कर रहे हैं। उन्हें इस सरकार में मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया है।

लंदन में एक पत्रकारवार्ता में फखरुल ने विश्वास जताया कि देश में जल्द ही चुनाव होंगे। उन्होंने कहा कि मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस और बीएनपी की कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान के बीच हुई चर्चाओं के आधार पर चुनाव की दिशा तय होगी। फखरुल ने अपील करते हुए कहा, आइए हम मिलकर एक भेदभाव-रहित, स्वतंत्र, समृद्ध और मानवीय बांग्लादेश के निर्माण की जिम्मेदारी निभाएं। यह आंदोलन हमारे मुक्ति संग्राम, 1990 के जनआंदोलन और 2024 में छात्रों, श्रमिकों तथा आम नागरिकों द्वारा चलाए गए आंदोलन से प्रेरित है।

# ईरान-इजरायल संघर्ष पर भारत की राय, 'कूटनीतिक बातचीत ही सही तरीका'

**एजेंसी**

**ब्रिक्स ।** ब्रिक्स में भारत ने आतंकवाद, ईरान-इजरायल संघर्ष समेत ग्लोबल साउथ के मुद्दे पर अपनी बात स्पष्ट की है। विदेश मंत्रालय की और से आयोजित प्रेस ब्रीफिंग में सचिव (आर्थिक संबंध) दम्मू रवि ने कहा कि प्रधानमंत्री ने ब्रिक्स में भारत की मजबूत और स्पष्ट नीति दुनिया के सामने रखी। उन्होंने पहलगाम और अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर भारत के रुख को रेखांकित किया। ईरान-इजरायल संघर्ष को लेकर पूछे गए एक सवाल पर उन्होंने कहा, ÷संदेश बहुत स्पष्ट है कि कूटनीतिक बातचीत ही आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका है। दम्मू रवि ने कहा कि पैरा 34 में कुछ अहम बातें साफ-साफ बताई गई हैं। सबसे पहली और महत्वपूर्ण बात यह है कि सभी देशों ने आतंकवाद की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि ये



निंदा केवल आतंकवादी हमलों की नहीं है, बल्कि उन देशों, संगठनों या लोगों की भी है जो आतंकवाद को किसी भी रूप में समर्थन, फंडिंग या शरण देते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बैठक में सीमा पार से होने वाली आतंकवादी गतिविधियों और इसमें शामिल समूहों का स्पष्ट जिक्र किया गया। यह भारत के लिए एक अहम मुद्दा रहा है, क्योंकि भारत लंबे समय से सीमा पार आतंकवाद का दृढ़ता से जवाब दे रहा है। दम्मू रवि ने इस दौरान यह भी बताया कि भारत सालों से संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के खिलाफ व्यापक कन्वेंशन की पहल करता रहा है। इस कन्वेंशन का मकसद वैश्विक स्तर पर आतंकवाद की एक स्पष्ट परिभाषा तय करना और इसके खिलाफ सभी देशों को एक साथ लाना है। उन्होंने इंटर-ट्रेडिंग रिलेशन पर भी राय रखी। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स वैश्विक दक्षिण देशों का प्रतिनिधित्व करते हैं, और ब्रिक्स देशों में विविधताएं हैं। इसलिए, देश विकल्प तलाश रहे हैं। सीमा पार व्यापार करने में सक्षम होने के मामले में अंतर-संचालनीय भुगतान (इंटर ऑपरेबल पेमेंट) तेज मैकेनिज्म है। इसे सफलतापूर्वक लागू किया गया है और हम कई देशों के साथ द्विपक्षीय व्यवस्था में भी प्रवेश कर रहे हैं। देशों के भीतर इस पर चर्चा हो रही है।

# रूस और यूक्रेन के बीच सैकड़ों ड्रोन हमले, हवाई यातायात प्रभावित

**एजेंसी**

**मॉस्को/कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच हुए भीषण ड्रोन हमलों ने दोनों देशों के हवाई यातायात को बुरी तरह बाधित कर दिया। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ जब कुछ दिन पहले ही रूस ने यूक्रेन पर अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया था।

रूसी परिवहन मंत्रालय के अनुसार, यूक्रेनी ड्रोन हमलों के कारण मॉस्को के शेरेमेटयेवो और सेंट पीटर्सबर्ग के पुल्कोवो जैसे प्रमुख अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर सैकड़ों उड़ानें रद्द या विलंबित हो गईं। पश्चिम और मध्य रूस के कई अन्य हवाई अड्डे भी प्रभावित हुए। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में यात्रियों की भीड़ और हवाई अड्डों पर अफरा-तफरी का माहौल देखा गया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि बीती रात से जारी हमलों में उसने 120 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए, जबकि



रविवार शाम तक 39 और ड्रोन नष्ट किए गए। हालांकि, मंत्रालय ने यह स्पष्ट नहीं किया कि कितने ड्रोन अपने लक्ष्यों तक पहुंचे या कुल कितने लॉन्च किए गए थे।

बेलगोरोद क्षेत्र में यूक्रेनी ड्रोन हमलों से दो नागरिक घायल हुए, जिसकी पुष्टि स्थानीय गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने की है। दूसरी ओर, यूक्रेन के कीव और खारकीव शहरों में रूसी ड्रोन हमलों से तीन नागरिक घायल हो गए। मायकोलाइव बंदरगाह क्षेत्र में रूसी 'शाहेद ड्रोन' हमले से भंडारगृह और बिजली आपूर्ति प्रणाली को नुकसान पहुंचा। हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ। कॉस्ट्यंतिनिवका में एक रूसी ग्लाइड बम और ड्रोन हमले में चार नागरिकों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हुआ। एक दंपति की कार को निशाना बनाए जाने पर घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

## ओली सरकार से गठबंधन तोड़ने के लिए नेपाली कांग्रेस के पार्टी नेतृत्व पर दबाव बढ़ा

**एथेंस।**

**काठमांडू।** प्रधानमंत्री केपी ओली के साथ गठबंधन तोड़ने के लिए सत्तारूढ़ के सबसे बड़े राजनीतिक दल नेपाली कांग्रेस के पार्टी नेतृत्व पर दबाव बढ़ता जा रहा है। अधिकांश नेताओं ने ओली के साथ गठबंधन तोड़ कर कांग्रेस के नेतृत्व में सरकार गठन का सुझाव दिया है। काठमांडू में नेपाली कांग्रेस केंद्रीय समिति की बैठक में अधिकांश केंद्रीय सदस्यों ने सरकार के कामकाज की आलोचना की है। इतना ही नहीं, कांग्रेस पार्टी के अधिकांश नेताओं ने प्रधानमंत्री ओली की कार्यशैली का विरोध करते हुए जल्द से जल्द गठबंधन तोड़ने की वकालत की है। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. शेखर कोइराला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सरकार में जरूर है, लेकिन सत्ता पर पूरी तरह से ओली का कब्जा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मंत्रियों की सरकार के भीतर नहीं चलती है। कोइराला का कहना है कि पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को सत्ता में होने की अनुभूति ही नहीं हो रही है। डा. कोइराला ने कहा कि जितने अधिक दिनों तक ओली के साथ पार्टी का गठबंधन होगा, उतना ही अधिक नुकसान पार्टी को होगा। डा. कोइराला के इस प्रस्ताव का अधिकांश केंद्रीय सदस्यों ने समर्थन किया है। बैठक में पार्टी के एक और वरिष्ठ नेता विमलेन्द्र निधि ने कहा कि ओली की पार्टी गठबंधन के सामान्य शिष्टाचार को भी नहीं मान रही है, ऐसे में इस गठबंधन में रह कर पार्टी को सिर्फ नुकसान हो रहा है।

# 'अमेरिका पार्टी' के बनने से खफा ट्रंप, कहा- पटरी से उतरी चुके हैं एलन मस्क

**एजेंसी**

**वाशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पूर्व सहयोगी और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क पर तीखा हमला किया है। ट्रंप ने मस्क को 'पटरी से उतरी ट्रेन' बताया है। मस्क ने हाल ही में 'अमेरिका पार्टी' नाम से एक नई राजनीतिक पार्टी के गठन की घोषणा की है, जिससे ट्रंप नाखुश हैं। ट्रंप ने 'ट्रुथ' पर लिखा, 'मुझे एलन मस्क को पूरी तरह से पटरी से उतरते देखकर दुख हुआ, जो पिछले पांच हफ्तों में ट्रेन के मलबे के रूप में तब्दील हो गए हैं। वह एक तीसरी राजनीतिक पार्टी भी शुरू करना चाहते हैं, इस तथ्य के बावजूद कि वह संयुक्त राज्य अमेरिका में कभी सफल नहीं हुए हैं। ऐसा लगता है कि सिस्टम उनके लिए डिजाइन नहीं किया गया है। उन्होंने आगे कहा, 'तीसरी पार्टियां सिर्फ 'पूर्ण व्यवधान और अराजकता' की ओर ले जाती हैं और वाशिंगटन में कट्टरपंथी वामपंथी डेमोक्रेट्स के साथ यह सब बहुत हो चुका है, जिन्होंने अपना आत्मविश्वास और अपना दिमाग खो दिया है। दूसरी ओर, रिपब्लिकन एक अच्छी तरह से चलने वाली 'मशीन' हैं, जिन्होंने अभी-अभी इस तरह का सबसे बड़ा बिल पारित किया है। ट्रंप ने हाल ही में 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' पर हस्ताक्षर करते हुए उसे एक नया कानून बनया है। इसे ट्रंप ने एक 'महान विधेयक' बताया है। ट्रंप ने आगे कहा, 'मस्क इसलिए नाखुश हैं, क्योंकि इस बिल ने 'इलेक्ट्रिक व्हीकल मैंडेट' को खत्म कर दिया है, जो सभी को कम समय में इलेक्ट्रिक कार खरीदने के लिए मजबूर कर देता। ट्रंप ने जोर देकर कहा कि वह शुरू से ही इसका कड़ा विरोध करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को अब जो कुछ भी चाहिए वह खरीदने की अनुमति है- गैसोलीन संचालित, हाइब्रिड (जो बहुत अच्छा कर रहे हैं), या नई तकनीकों से लैस। अब इलेक्ट्रिक व्हीकल बाध्य नहीं हैं। अमेरिकी नेता ने कहा, मैंने दो साल तक इस पर अभियान चलाया है। ईमानदारी से कहूं, तो जब एलन ने मुझे अपना पूर्ण और निर्विवाद समर्थन दिया, तो मैंने उनसे पूछा कि क्या उन्हें पता है कि मैं इलेक्ट्रिक व्हीकल मैंडेट को खत्म करने जा रहा हूं। यह मेरे हर भाषण और हर बातचीत में था। मस्क ने कहा कि उन्हें इससे कोई समस्या नहीं है, जिससे मैं बहुत हैरान था। ट्रंप ने ये भी कहा कि एलन चाहते थे कि उनके करीबी दोस्त को नासा की बागडोर थमाई जाए लेकिन उन्होंने देश हित में ऐसा नहीं होने दिया। ट्रंप ने कहा, मुझे यह जानकर आश्चर्य हुआ कि एलन जिसकी नासा के लिए सिफारिश कर रहे थे वो एक ब्लू ब्लडेड डेमोक्रेट था, जिसने पहले कभी किसी रिपब्लिकन की मदद नहीं की। एलन शायद ऐसे ही थे। मुझे यह भी अनुचित लगा कि एलन का एक बहुत करीबी दोस्त, जो स्पेस बिजनेस में था, वह नासा चलाएगा! जबकि नासा एलन की कॉर्पोरेट लाइफ का इतना बड़ा हिस्सा है। मेरा पहला काम अमेरिकी जनता की रक्षा करना है। इससे पहले, शनिवार को मस्क ने दोनों प्रमुख दलों पर अनियंत्रित सरकारी खर्च और भ्रष्टाचार में योगदान देने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि देश अब लोकतंत्र के रूप में काम नहीं कर रहा है, बल्कि बर्बादी और स्वार्थ से प्रेरित एक एकीकृत राजनीतिक मशीन के रूप में काम कर रहा है।

मस्क ने लिखा, अमेरिका द्विदलीय बर्बादी और भ्रष्टाचार से दिवालिया हो रहा है। यह लोकतंत्र नहीं है। यह छद्म रूप में वन-पार्टी सिस्टम है। अमेरिका पार्टी आपको आपकी स्वतंत्रता वापस दिलाने के लिए बनाई गई है।

## जनता की जेब पर डाका, कांग्रेस के दोस्तों पर पैसा: शौरी

**दिव्य दिल्ली**



बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने प्रदेश सरकार पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि ह्लजब प्रदेश त्राहिमाम कर रहा है, तब सुक्खू सरकार जश्न मना रही हैह्व विधायक शौरी ने कहा कि एक तरफ सरकार आर्थिक संकट की दुहाई देकर विकास कार्यों को ठप कर रही है, और दूसरी तरफ बोर्ड-निगमों के चेयरमैनों का मानदेय तीन गुना बढ़ाकर अपने राजनीतिक मित्रों को इनाम बांट रही है। यह कदम न केवल सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल खड़े करता है, बल्कि आपदा की मार झेल रही जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। उन्होंने बताया कि कुल्लू नगर परिषद क्षेत्र में अक्तूबर 2024 से अब तक हजारों उपभोक्ताओं को ?10,000 से ?20,000 तक के पानी के बिल थमाए गए हैं, जो पूरी तरह अमानवीय और अन्यायपूर्ण है। सरकार न तो आपदा राहत दे रही है, न ही माफी, लेकिन आम आदमी को कर्ज.में डुबोने का कोई मौका नहीं छोड़ रही। बस किरायों में बढ़ोतरी, स्वास्थ्य सेवाओं की दरों में इजाफा, बिजली-पानी पर भारी टैक्स – कांग्रेस सरकार की हर नीति आम जनता की जेब काटने की दिशा में काम कर रही है। विधायक शौरी ने कहा, यह सरकार जनता नहीं, केवल अपने राजनीतिक सहयोगियों के लिए काम कर रही है। अब समय आ गया है कि जनता इस जनविरोधी नीति का खुलकर विरोध करे और आने वाले समय में इसका मुंहतोड़ जवाब दे।

## पांवटा नगर परिषद में आरक्षण प्रक्रिया पूरी: दो वार्डों में बड़ा फेरबदल, महिलाओं को मिला खुला मंच

**दिव्य दिल्ली -रॉबिन शर्मा (पांवटा )**

नगर परिषद चुनाव से पहले पांवटा साहिब में आज वार्ड आरक्षण की प्रक्रिया शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। एसडीएम पांवटा साहिब ऋषभ शर्मा की अध्यक्षता में नगर परिषद कार्यालय में 13 वार्डों के आरक्षण को लेकर पर्चियां डाली गईं, जिसमें इस बार वार्ड नंबर 1 और वार्ड नंबर 13 में महत्वपूर्ण बदलाव सामने आए हैं। वार्ड आरक्षण को लेकर जनता और संभावित उम्मीदवारों के बीच लंबे समय से उत्सुकता थी। आज जारी सूची में महिलाओं को पाँच ओपन वार्ड मिले हैं, जिससे उनकी भागीदारी को नई ताकत मिलने की उम्मीद है।

## पशुपालन विभाग की ओर से पशुपालकों व किसानों को पशु संभाल के लिए किया गया जागरूक

**दिव्य दिल्ली : कमल रंधावा (पठानकोट)**




पशुपालन विभाग की ओर से पशुपालकों व किसानों को पशुओं की संभाल व अच्छी नस्ल के दुधारू पशु रखने के लिए प्रेरित करने के मकसद को लेकर विभाग के प्रमुख सचिव राहुल भंडारी की हिदायत अनुसार पशु चिकित्सक डॉक्टर गुलशन चंद बेटनीरी अधिकारी सरकारी पशु अस्पताल घोह व उनकी टीम की ओर से गांव जिंदराई उपरली में पशु भलाई व किसान जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें गांव के कई पशु पालकों सहित किसानों ने बढ चढ कर भाग लिया। उन्होंने किसानों को जागरूक करते हुए कहा कि हमें पशुओं की संभाल के लिए व अच्छी नस्ल के दुधारू पशु पालने के लिए स्वयं ही जागरूक होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विभाग ने देखा है कि इस समय विशेषकर युवाओं में पशुपालन के लिए रुझान बढ़ रहा है, जिससे इस गांव के साथ अन्य लगते गांवों के युवाओं की ओर से भेड़ बकरियां व दुधारू पशुओं को रख कर अपना स्व रोजगार बढा रहे है तथा अपने परिवार की आय में बढ़ोतरी कर रहे है। उन्होंने बताया कि अब युवा वर्ग अपने घरों में रखे हुए पशुओं, जिनमें भेड, बकरियां व अन्य पशुयों की बिक्री के लिए आनलाइन सेल कर रहे है, जो कि एक पढे लिखे युवाओं की पहचान बन रहे है। पशु पालन विभाग की टीम की ओर से आए हुए पशुपालकों को निशुल्क दवाइयां व धातुओं का मिश्रण भी दिया गया। गांव की पंचायत ने पशुपालन विभाग की आई हुई टीम का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कैंप लगाने की अपील की। इस अवसर पर सरपंच संतोष कुमारी, शमशेर सिंह, भगत राम, पंच अंग्रेज सिंह, देव राज, महाशु राम, तारा सिंह, अशोक कुमार, बिक्कॅर सिंह, देवी रानी, शमशेर सिंह, कर्ण सिंह, रछपाल सिंह व अन्य उपस्थित थे।

## एस डी एम कार्यालय राजगढ़ में ड्रा के माध्यम से संपन्न हुई आरक्षण प्रक्रिया

**दिव्य दिल्ली**



यह प्रक्रिया एस,डी,एम कार्यालय राजगढ़ के सभागार में एस,डी,एम राजकुमार ठाकुर की देखरेख में, हिमाचल प्रदेश नगर पालिका निर्वाचन नियम 2015 के नियम 10 के अंतर्गत पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न हुई। नगर पंचायत के कुल 7 वार्डों में से वार्ड संख्या 2 अनुसूचित जाति (पुरुष) एवं वार्ड संख्या 3 अनुसूचित जाति (महिला) हेतु आरक्षित किए गए हैं। लॉट प्रणाली द्वारा वार्ड संख्या 4 और 6 को सामान्य महिला आरक्षित घोषित किया गया। शेष वार्ड संख्या 1, 5 और 7 अनारक्षित रहेंगे। ड्रॉ प्रक्रिया वरिष्ठ नागरिकों और अराजपत्रित अधिकारियों की उपस्थिति में की गई, जिससे इसकी पारदर्शिता पूरी तरह से सुनिश्चित की गई थी ।

# चोरों ने फिर कन्नौज पुलिस को दी चुनौती, एक ही रात पांच घरों में की चोरी

### लाखो का सामान व नगदी ले गए चोर





**कन्नौज।** जिले के गुरसहायगंज क्षेत्र के भुरजानी गांव में सोमवार की रात चोरो ने सीढी लगाकर छत पर पहुँच कर चोरी की।कमरे में सो रहे लोगों को बाहर से कुण्डी लगाकर बन्द कर दिया। इस चोरी की वारदात के बाद पुलिस प्रशासन में हडकंप मच गया। डॉग स्क्वॉड एवं पुलिस जांच कर रही है। चोर सामान सहित लाखों की नगदी भी ले गए।

ग्राम भुरजानी में सोमवार की रात संजीव उर्फ कल्लू के मकान के पीछे चोर सीढी लगाकर छत पर चढकर पहले संजीव और उसके बाद उनके भाई सतेन्द्र एवं ब्रजकिशोर की छत जो आपस में मिली थी जाकर कमरो की कुण्डी बाहर से बन्द कर दी। इन्ही कमरो में घर के लोग सो रहे थे।

कुण्डी लगाकर चोरो ने तीनो घरो में चोरी की। परिजनो का कहना है कि चोर तीनो घरों से सोने के तीन हार, 6 कंगन, 3 जोडी पायल, 12 अगूठी, 4 चैन, आधा किलो चांदी के सिक्के और करीब 4 लाख कैश ले गये।

चोरी की जानकारी सुबह हुई जब घर के लोग सोकर उठे। चौथे भाई उपेन्द्र को फोन करके घर बुलाया तब कुंडी खुली। कुंन्डी खुलते ही जब घर के लोग बाहर आये और सामान बिखरा देखा तो भौचक्के रह गये।

सोमवार की रात को ही चोरो ने दो अन्य घरो को भी निशाना बनाया। अवधेश के घर से सोने का हार, मंगल सूत्र, अंगूठी, पायल और 90 हजार नगद चोर ले गये। दूसरे घर वीर प्रताप के घर से जेवर और पांच हजार नगद चोर ले गये। चोरो ने रात मे ही विकास यादव एवं रिटायर्ड दरोगा बादाम सिंह के घर में चोरी का प्रयास किया लेकिन कुत्ते भौंकने के कारण चोर भाग गए।

## चोरी के बहाने अखिलेश ने भाजपा पर साधा निशाना



**कन्नौज।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं कन्नौज के सांसद अखिलेश यादव ने कन्नौज में आज हुई चोरी की घटना को लेकर पुलिस प्रशासन के साथ भाजपा सरकार को भी निशाने पर लिया है।

उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि भाजपा राज में चौपट कानून व्यवस्था का एक और उदाहरण सामने आया है। कन्नौज के ग्राम भुरजानी, पोस्ट जसोदा में चोरों ने पांच घरों को निशाना बनाकर लाखों की चोरी की है। अखिलेश यादव ने कहा कि इन चोरियों का राज भी बंटवारे की लड़ाई से खुलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता से जाएगी तभी कानून व्यवस्था बेहतर होगी।

## सीओ के साथ मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी

**कन्नौज।** ग्राम बुरहानीपुर में एक ही रात में हुई चोरी की पांच घटनाओं के बाद पुलिस प्रशासन सकते हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्राधिकारी नगर अभिषेक प्रताप अजेय सहित पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस अधिकारियों ने डॉग स्क्वायड और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को भी बुलाया पुलिस के हाथ लेकिन अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका है। इस घटना के बाद ग्रामीणों में रोष है और पुलिस ने गांव की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवालिया निशान लगाए हैं।

## सपा नेताओं ने स्कूल मर्ज करने के विरोध में दिया ज्ञापन




**कन्नौज।** समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा के नेतृत्व में आज सपा नेताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अविनाश गौतम को ज्ञापन देकर मांग की कि प्रदेश की भाजपा सरकार 5000 प्रायमरी सरकारी स्कूल बंद करके उनमें पढ़ने वाले अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग,एवं जरीब बच्चों के साथ अन्य कर ही है।

ज्ञापन में मांग की गई है स्कूल बंद करने से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो जाएगी। सरकार के नौकरी खत्म करने एवं बच्चों को शिक्षा से वंचित करने के मौलिक अधिकार का हनन कर रही है। सर्व शिक्षा अभियान का सरकार ने मजाक बना दिया है। छात्र सभा के नेताओं ने सरकार विरोधी नारे भी लगाए।

इस मौके पर अमन यादव, गुफरान अहमद, अंशुल गौतम, शिवमोहन यदुवंशी, विनोद यादव सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गुरु पूर्णिमा स्नान पर भारी वाहनों पर रहेगा पूरी तरह प्रतिबन्ध

**कन्नौज।** गुरु पूर्णिमा स्नान पर्व पर महादेवी घाट पर श्रद्धालुओं की भीड को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने जनपद सीमा से भारी वाहन कन्नौज सीमा में पूर्णतः प्रतिबन्ध कर दिए हैं। 09 जुलाई समय रात नौ बजे से 10 जुलाई तक डायवर्जन के अनुसार वाहनों को डायवर्ट किया गया है। डायवर्सन में हरदोई से कन्नौज आने वाले वाहनों को बिलग्राम से मल्लावा बाया बिल्हौर होते हुए कन्नौज आयेगे।

कन्नौज से हरदोई जाने वाले वाहनों को वाया बिल्हौर मल्लावा से बिलग्राम होते हुए हरदोई जायेगे।

## सूत्रधार कला संगम कुल्लू के कोर कमेटी की बैठक हुई सम्पन्न

**दिव्य दिल्ली**



२०वें सूत्रधार गुरु पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियां करते हुए संस्था के कलाकार

**सूत्रधार** कला संगम कुल्लू के कोर कमेटी की बैठक संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन की अध्यक्षता में सूत्रधार भवन के कार्यालय में सम्पन्न हुई । बैठक में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने बताया कि संस्था का मूल उदेश्य उभरती हुई युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना, समाज सेवा तथा अपनी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण करना है। इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत संस्था द्वारा अपने सूत्रधार भवन में वर्ष 2005 से नृत्य व संगीत अकादमी निरंतर रूप से चलाई जा रही है, जिसमें पं० विद्यासागर बतौर संगीत प्राचार्य प्रशिक्षुओं को शास्त्रीय गायन, वादन, नृत्य (कत्थक) व लोक कलाओं की शिक्षा निरंतर प्रदान कर रहे । पं० विद्यासागर द्वारा तराशे गये शिष्य अनेक बार राज्य व राष्ट्रीय पटल पर हिमाचल प्रदेश को गौरवान्वित कर चुके है । संस्था द्वारा निरंतर 5 दशकों से युवा शक्ति को कला संस्कृति के माध्यम से जोड़ कर उन्हें सृजनात्मक कार्यों में संलिप्त किया गया है ताकि वे कला-निपुण होने के साथ-साथ समाज में व्याप्त दुर्व्यसनों से भी बचे रहें ।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग सेंटर की समीक्षा

### अभिभावकों से जुड़ने की अपील




**छिबरामऊ, कन्नौज।** समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण के निर्देश पर समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना कोचिंग सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र की व्यवस्थाओं व कार्यों की समीक्षा कर बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने नगर व ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए इस योजना से जुड़ें। इस दौरान राष्ट्रीय लोक दल के जिलाध्यक्ष अतुल शर्मा ने भी केंद्र का दौरा किया और छात्रों से उनकी समस्याएं जानीं। उन्होंने केंद्र को सुचारु रूप से संचालित करने में हर संभव सहायता का वादा किया।

कोचिंग सेंटर के कोऑर्डिनेटर प्रदीप सिंह सहित शिक्षक भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि 24 नवंबर 2023 को समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण व विधायक अर्चना पांडेय ने नगर पालिका रोड स्थित प्रभात कुमार दुबे गर्ल्स इंटर कॉलेज में इस केंद्र का शुभारंभ किया था। यहां छात्र-छात्राओं को नीट, जेईई मेन और सिविल सर्विस की निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जाती है।

## राजस्व वसूली में कमी मिलने पर डीएम नाराज

**कन्नौज।** आज जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में राजस्व कार्यों एवं कर करेक्तर के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने माह जून में वाणिज्य कर विभाग की 58 प्रतिशत, स्टाम्प विभाग की 48 प्रतिशत एवं परिवहन विभाग की 74 प्रतिशत, विद्युत विभाग की 61 प्रतिशत एवं वानिकी की 59 प्रतिशत राजस्व वसूली की प्रगति कम पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि माहवार लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने हेतु ठोस कार्ययोजना बनाकर उसे समयबद्ध रूप से की जाए। वसूली कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

श्री अग्निहोत्री ने निर्देश दिए कि

# नशे के खिलाफ जागरूकता लाने के लिए यूथ अगेंस्ट ड्रग्स द्वारा एक कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**दिव्य दिल्ली : विनय महाजन (नूरपुर)**






**नूरपुर** समाज में बहुत सी सामाजिक बुराईयां सामने हैं' जिनमें नशा सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। नशा आज के परिदृश्य में समाज को खोखला करता जा रहा है। पुलिस और प्रशासन निर्भीकता के साथ इस बुराई को इस चुनौती से निपटने का प्रयास कर रहा है।

इसी नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत नूरपुर आज उपमंडल के आईटीआई स्कूल नूरपुर में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया ' आयोजित यह कार्यक्रम 'यूथ अगेंस्ट ड्रग्स' नूरपुर के माध्यम से आयोजित किया गया इसमें पुलिस के उप-अधीक्षक नूरपुर विशाल वर्मा मुख्य-अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वर्मा ने अपने वक्तव्य के माध्यम से विद्यार्थियों को समाज में फैल रहे नशे से सावधान रहने व चुनौती से निपटने वाले प्रहरी के रूप में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थी-वर्ग के साथ विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान को लेकर संवाद स्थापित किया साथ में नशा मुक्त युवा साथियों के साथ एक महत्वपूर्ण बातचीत हुई। इस अवसर पर युवाओं को नशा के दुष्परिणामों के बारे में अवगत जागरूक कराया गया

# सत्य प्रेम -भवन भुट्टि कालोनी में दी गई पूर्व मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र सिंह को श्रद्धांजलि

**दिव्य दिल्ली**



हिमाचल प्रदेश जैसे कठिन भौगोलिक परिस्थिति वाले पहाड़ी राज्य की तस्वीर को विश्व मानचित्र में अलग पहचान के रूप में स्थापित करने वाले प्रदेश के छः बार मुख्यमंत्री व केन्द्र सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह की पुण्यतिथि पर आज सत्य -प्रेम भवन भुट्टि कालोनी में एक शोक सभा का आयोजन कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई तथा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए । पूर्व बागवानी मंत्री ठाकुर सत्य प्रकाश ने शोक सभा उपरांत अपने सम्बोधन में कहा कि स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह जी चार वर्ष पूर्व आज ही के दिन स्वर्गवास हुए थे, जो न केवल हिमाचल प्रदेश अपितु पूरे पहाड़ी प्रदेशों के लिए एक बहुत बड़ी क्षति थी जिसकी भरपाई आज असंम्भव है। स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह एक ऐसे दूरदर्शी राजनेता रहे हैं जिनका हर राजनीतिक दल सम्मान करता था जिस कारण ही उनका एक अलग रुतबा था । हिमाचल प्रदेश के चहुंमुखी विकास में उनकी भूमिका प्रमुख रही है । ग्रामीण विकास, कृषि एवं बागवानी विकास, हथकरघा एवं हस्तकला विकास में गोपियों के प्रचलन को उन्होंने चरम तक पहुंचा कर हजारों घरों को रोजगारी के अवसर प्रदान किये हैं। हिमाचल प्रदेश को फ्रूट बाल ऑफ इंडिया बनाने में उनका योगदान प्रमुख रहा है । उन्होंने कहा कि ऐसे राजनेता को प्रभु उचित स्थान दे ताकि उनकी याद युगों तक जिन्दा रह सके ।

## विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटे सपा कार्यकर्ता: ताहिर हुसैन सिद्दीकी



**छिबरामऊ, कन्नौज।** सपा के पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कार्यकताओं के साथ हाइवे स्थित राजू प्रधान की आरा मशीन पर बैठक कर कार्यकताओं से अभी से चुनावी रणनीति पर काम शुरू करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद अखिलेश यादव को और मजबूत करने के लिए सभी को एकजुट होकर काम करना होगा, ताकि प्रदेश में सपा की सरकार बन सके। उन्होंने भाजपा सरकार पर भेदभाव, भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी और महंगाई को चरम पर पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बिजली, थाना, कोतवाली, तहसील और सरकारी अस्पतालों में भ्रष्टाचार आम जनता के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। माफियाओं के हौसले बुलंद हैं और सरकारी जमीनों पर कब्जे हो रहे हैं। जनता ऐसी सरकार से त्रस्त है और 2027 में इसे उखाड़ फेंकना चाहती है। पूर्व उन्हें संगठित होने और पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) रणनीति के तहत जनता के बीच जाने को कहा।

## स्पिरिचुअल ट्रिप टीवी की गोपी बहू: शिव मंदिर के बाद अब बेटे और मुस्लिम पति संग मां कामाख्या देवी की शरण में पहुंची

# देवोलीना भट्टाचार्जी



**टीवी की गोपी बहू यानि देवोलीना भट्टाचार्जी की भगवान में बेहद आस्था है। भले ही देवोलीना ने मुस्लिम घर में शादी की है लेकिन वह हिंदू धर्म बखूबी से निभाती हैं। देवोलीना इन दिनों मुस्लिम पति शहनवाज और बेटे जॉय के साथ स्पिरिचुअल ट्रिप पर हैं।**

टीवी की गोपी बहू यानि देवोलीना भट्टाचार्जी की भगवान में बेहद आस्था है। भले ही देवोलीना ने मुस्लिम घर में शादी की है लेकिन वह हिंदू धर्म बखूबी से निभाती हैं। देवोलीना इन दिनों मुस्लिम पति शहनवाज और बेटे जॉय के साथ स्पिरिचुअल ट्रिप पर हैं।

हाल ही में शिव मंदिर गई थी। वहीं अब तीनों कामाख्या देवी मंदिर पहुंचे। एक्ट्रेस ने यहां से कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की जो अब तेजी से वायरल हो रही हैं तस्वीरों में एक्ट्रेस ब्लैक कलर की प्रिंटेड साड़ी में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस मंदिर के बाहर बेटे और पति शहनवाज संग पोज देती दिखाई दी।



तस्वीरों में एक्ट्रेस के माथे पर तिलक लगा हुआ है और उन्होंने लाडले बेटे को गोद लिया हुआ। फोटोज में एक्ट्रेस के बेटे का फेस भी नजर आ रहा जो व्हाइट आउटफिट में प्यारा लग रहा है। देवोलीना ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा - शक्तिपीठ में मां का आशीर्वाद मिला। कामाख्या मंदिर में एक दिव्य दिन, जहां आस्था का मिलन मातृत्व से होता है और हर कदम पर मां का स्नेह होता है। मां कामाख्या, भारत के सबसे शक्तिशाली मंदिरों में से एक, परिवार के साथ इस आध्यात्मिक क्षण के लिए आभारी हूं।

बता दें कि बेटे के जन्म के बाद से एक्ट्रेस ब्रेक पर हैं हालांकि वो सोशल मीडिया पर खासी एक्टिव हैं। देवोलीना फैमिली के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड कर रही हैं और बेटे संग कई यादें सजो रही हैं।

## जब फ्लाइट में सनी देओल बांटने लगे सिगरेट, गुस्साए चंकी पांडे ने 'एक्शन किंग' पर जमकर निकाली थी भड़ास



बॉलीवुड सेलेब्स की दोस्ती और दुश्मनी के किस्से अक्सर ही फैंस के बीच सुर्खियों में रहते हैं. आए दिन फैंस अपने पसंदीदा कलाकार से जुड़ा कोई न कोई मजेदार किस्सा भी सुनते रहते हैं. आज हम आपके लिए सनी देओल और चंकी पांडे जैसे जाने-माने एक्टर्स का एक ऐसा किस्सा लाए हैं जो जानकर आप हैरान रह जाएंगे. एक बार सनी देओल ने फ्लाइट में सफर करने के दौरान कुछ यात्रियों के बीच सिगरेट बांट दी थी, लेकिन इससे चंकी भड़क गए थे और उन्होंने सनी पर जमकर भड़ास निकाली थी.

दरअसल बात ये है कि वो सिगरेट चंकी पांडे की थी. चंकी का सनी की इस हरकत पर गुस्सा होना भी जायज है, क्योंकि चंकी काफी महंगे ब्रांड की सिगरेट लाए थे और जब सनी देओल ने चोरी छिपे उन्हें पैसेंजर्स में बांट दी तो चंकी, सनी पर आगबबूला हो गए थे. सनी की ये हरकत चंकी को बिल्कुल पसंद नहीं आई थी.

**चंकी ने खरीदी थी महंगी सिगरेट**

चंकी और सनी साथ में कई फिल्मों में काम कर चुके हैं. दोनों के बीच दोस्ती का एक अच्छा रिश्ता है. दोनों को साल 1992 की फिल्म 'विश्वात्मा' में भी देखा गया था. इसकी शूटिंग नैरोबी में भी हुई थी. शूटिंग खत्म करने के बाद सनी और चंकी साथ में एक ही फ्लाइट में आए थे. इस दौरान सिगरेट पीने के शौकीन चंकी ने काफी महंगी सिगरेट खरीद कर रख ली थी.

**सनी ने पैसेंजर्स में बांट दी सिगरेट**

फ्लाइट में सनी ने चंकी साथ बड़ा प्रैंक कर दिया था. ये किस्सा खुद चंकी ने अपने एक इंटरव्यू में शेयर किया था. अभिनेता ने बताया था कि फ्लाइट में सफर के दौरान मैं सो गया था. हालांकि बाद में किसी ने मुझे जगाया और कहा कि सनी देओल सिगरेट बांट रहे हैं. तब मैंने सोचा कि सनी तो सिगरेट पीते नहीं है ये सिगरेट कैसे बांट रहे हैं. बाद में चंकी को एहसास हुआ कि सनी ने उनकी ही सिगरेट पैसेंजर्स में बांट दी थी.

**सनी पर चिल्लाए चंकी**

सनी देओल की ये हरकत लोगों का भला करने के काम आई, लेकिन इससे उन पर चंकी काफी गुस्सा हो गए थे. क्योंकि सनी, चंकी की खरीदी हुई महंगी सिगरेट लोगों में बांट रहे थे. चंकी, सनी देओल पर चिल्लाने लगे. हालांकि जल्द ही चंकी शांत हो गए थे. सनी ने उनसे कहा था कि तुम्हे दयालु होना चाहिए. तुम्हें लोगों के साथ हमेशा शेयर करना चाहिए.

## 'मजबूरी है भाई...' बॉलीवुड में आने से पहले ये काम करते थे इरफान खान, कपिल से कही थी दिल की बात



कपिल शर्मा के शो पर आने वाले मेहमान सिर्फ हंसी मजाक तक ही सीमित नहीं रहते हैं. कॉमेडी शो में अक्सर ही सेलेब्स अपनी जर्नी, उनके यादगार किस्से, फिल्मों और किसी खास घटना को भी शेयर करते हैं. कपिल के शो पर सेलेब्स अपने करियर के शुरुआती दिनों को भी याद करते हैं. दिवंगत अभिनेता इरफान खान ने भी एक सवाल के जवाब में अपने करियर की शुरुआत को लेकर बात की थी. तब इस सवाल का जवाब भी मिल गया था कि आखिर बॉलीवुड में आने से पहले इरफान क्या काम करते थे.

इरफान खान अब इस दुनिया में नहीं हैं. साल 2020 में कैंसर से उनका निधन हो गया था. लेकिन, वो अपने शानदार अभिनय से हमेशा फैंस के दिलों में जिंदा रहेंगे. इरफान का अभिनय जितना शानदार था वो असल जिंदगी में उतने ही बेहतरीन व्यक्ति थे. कपिल शर्मा के शो पर उन्होंने बताया था कि मजबूरी के चलते उन्होंने टीवी सीरियल से शुरुआत की थी.

**टीवी से शुरू हुआ था इरफान का करियर**

एक बार इरफान खान कपिल शर्मा के शो पर पहुंचे थे तब कपिल के साथ उन्होंने अपने स्ट्रगलिंग डेज और शुरुआती दिनों को लेकर बात की थी. कपिल ने उनसे कहा था, आपने तो टीवी से ही शुरुआत की थी ना ?इसके जवाब में अभनेता ने कहा था, हां टीवी से करनी पड़ती है ना आपने भी तो वहीं से की. मजबूरी है भाई.

इरफान का जवाब सुनकर कपिल ने कहा था, मेरा फेवरेट शो था चंद्रकांता (1994 का इरफान खान का टीवी सीरियल). भाई इतनी बार मुलाकात हुई, लेकिन मैं पूछना ही भूल गया. आपने पहला ऑडिशन, कोई भी टीवी सीरियल या फिल्म कब के लिए कब दिया था ? इसके जवाब में उन्होंने कहा था, मैंने बहुत पहले किया था, उन दिनों मैं ड्रामा स्कूल में था और हमारी छुट्टियां हुई थीं. तब आजादी को लेकर एक सीरियल बन रहा था उसका नाम मैं भूल गया. तो किसी ने बताया था कि उसमें जरूरत है काम करोगे. मैंने कहा बिल्कुल करेंगे. 300 रुपये कुछ मिलने वाले थे.

**इन सीरियल का भी हिस्सा रहे**

बॉलीवुड में आने से पहले इरफान ने लंबे समय तक टीवी सीरियल में काम किया था. चंद्रकांता के अलावा उन्हें 'चाणक्य', 'श्रीकांत', 'भारत एक खोज', 'सारा जहां हमारा', 'बनेगी अपनी बात' और 'जय हनुमान' जैसे सीरियल्स में भी देखा गया था.

# कटरीना कैफ

## की फैन गर्ल बनकर ऑटोग्राफ लेने आई थीं जरीन, वीडियो शेयर कर लिखा- नहीं सोचा कि...



जरीन खान ने एक पुराना वीडियो शेयर किया है जिसमें उन्होंने एक पुरानी याद शेयर की है। वीडियो में उनके साथ कटरीना कैफ नजर आ रही हैं और यह उस दौरान का है जब जरीन एक्ट्रेस भी नहीं बनी थीं और यह साल 2008 में आई फिल्म रेस के प्रीमियर के दौरान का है। जरीन ने इस वीडियो को शेयर कर उसे फैन गर्ल मोमेंट बताया है।





**क्या है वीडियो में**

वीडियो में आपको दिखेगा कि कटरीना ने पिंक कलर की लाड़ी पहनी है और वह खड़ी होती हैं तभी जरीन वहां एक्साइटेड होकर आती हैं और उनसे ऑटोग्राफ मांगती हैं। कटरीना उन्हें फिर ऑटोग्राफ देती हैं।

**जरीन ने बताई अपनी फीलिंग्स**

वीडियो शेयर कर जरीन ने लिखा, ओह माय गॉड...यह वीडियो मेरे सामने आया और यह याद आज भी इतनी फ्रेश है। मुझे आज भी यह मोमेंट अच्छे से याद है। यह रेस फिल्म के प्रीमियर के दौरान का है। थैंक्स मेरे दोस्तों को जिन्होंने मुझे पास दिए थे। उस वक्त मेरी आंखें खुली की खुली रह गई थीं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं भी इस फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा बनूंगी। लेकिन देखो मैं कितनी खुश दिख रही हूं वीडियो में, टोटल फैन गर्ल मोमेंट था।

**कटरीना से कम्पैरिजन पर बोला था**

बता दें कि जरीन का कई बार कटरीना से कम्पैरिजन किया जाता है। इस कम्पैरिजन पर जरीन ने कहा था, जब मैं इंडस्ट्री में आई तो मैं बिल्कुल एक ऐसे बच्चे की तरह थी जैसे खो गई है क्योंकि मैं फिल्मी बैकग्राउंड से नहीं थी। मुझे खुशी होती थी कम्पैरिजन से क्योंकि मैं भी उनकी फैन थी। लेकिन इससे मेरे करियर पर काफी असर पड़ा क्योंकि इस वजह से उन्हें इंडस्ट्री में लोगों ने ज्यादा चांस नहीं दिए।बता दें कि जरीन लास्ट फिल्म हम भी अकेले, तुम भी अकेले में नजर आई थीं जिसे हरीष व्यास ने डायरेक्ट किया था। यह फिल्म साल 2021 में रिलीज हुई थी। इसके बाद से वह किसी फिल्म में नजर नहीं आई हैं।

## न्यूज फ्लैश

### जिला मजिस्ट्रेट ने दो ट्रैवल एजेंसियों के लाइसेंस रद्द किए

**दिव्य दिल्ली : कंवल रंधावा (पठानकोट)**



जिला मजिस्ट्रेट पठानकोट श्री आदित्य उप्पल ने आधिकारिक आदेश जारी करते हुए बताया कि पंजाब ट्रैवल प्रोफेशनल रेगुलेशन एक्ट-2012 के तहत कार्रवाई करते हुए श्री प्रवेश कुमार पुत्र श्री रघुबीर सिंह निवासी पिन पडिया लहरी जिला पठानकोट तथा श्री मनजीत सिंह पुत्र श्री रघुबीर सिंह निवासी गांव पडिया लहरी पठानकोट के नाम जारी लाइसेंस नंबर एमए/एमसी 2/21, जिसकी वैधता 18 नवंबर 2024 को समाप्त हो चुकी है, तथा कार्रवाई करते हुए उक्त ट्रैवल एजेंसी का लाइसेंस रद्द किया जाता है।उपरोक्त अधिनियम के अनुसार, एक अन्य कार्यालय आदेश के माध्यम से, पंजाब ट्रैवल प्रोफेशनल रेगुलेशन एक्ट-2012, साइना दलोत्रा, पुत्री सुनील कलोत्रा, निवासी प्रेम नगर, पठानकोट, जिसके नाम पर जारी लाइसेंस नंबर एम.ए./एम.सी. 2/19 की अवधि भी 1 सितंबर 2022 को समाप्त हो गई थी, को भी रद्द किया जाता है।

### 19 जुलाई को आयोजित होगा जिला स्तरीय नागनी माता मेला



**दिव्य दिल्ली : विनय महाजन (नूरपुर)**

नूरपुर के ऐतिहासिक नागिनी माता मंदिर में 19 जुलाई को आयोजित होने वाले पारंपरिक एवं आस्था से परिपूर्ण जिलास्तरीय नागनी माता मेले को लेकर आज एसडीएम अरुण शर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि मेले में प्रतिवर्ष भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, अतः आवश्यक है कि सभी विभाग आपसी समन्वय से पूर्व तैयारियों को समयबद्ध रूप से पूरा करें।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मंदिर परिसर तथा आसपास के क्षेत्र की समुचित साफ-सफाई, पीने के पानी की निर्बाध आपूर्ति तथा प्राथमिक चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही,पुलिस विभाग को सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक कंट्रोल और पार्किंग व्यवस्था को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए। एसडीएम ने कहा कि नागनी माता मेला क्षेत्र की आस्था का केंद्र है, और इसका आयोजन सांस्कृतिक व धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे आयोजनों में प्रशासन और आम जनता के सामूहिक प्रयासों से ही सफलता मिलती है।

## सीडीपीओ कार्यालय तथा सेवा केंद्र के बाहर गंदगी से कर्मचारी परेशान

**दिव्य दिल्ली : कमल रंधावा (पठानकोट)**





पठानकोट के सुजानपुर में टेंपो स्टैंड के पास है सीडीपीओ कार्यालय सेवा केंद्र तथा होमगार्ड कार्यालय के बाहर गंदगी तथा बरसात के खड़े पानी के चलते जहां कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है वहीं जहां पर विभिन्न कार्य के लिए आए लोग भी परेशान होते हैं। इससे संबंधित जानकारी देते हुए होमगार्ड कंपनी कमांडर राकेश कुमार ,सीडीपीओ कार्यालय सुपरवाइजर नरेश रानी, सीनियर असिस्टेंट परमिंदर कौर ,सेवा केंद्र में कार्य करवाने आए समृद्धि, राकेश कुमार ने बताया कि जहां पर सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है ।थोड़ी सी बरसात होने पर ही काफी पानी खड़ा हो चुका है । पानी की निकासी का कोई प्रबंध नहीं है। वही कौशल की ओर से जहां पर गंदगी का डंप बनाया हुआ है ।जहां पर हर समय गंदगी से भरी हुई ट्रालियां खड़ी रहती हैं। जिससे बदबू फैली रहती है। उन्होंने कहा कि गंदा पानी खड़ा होने से कई प्रकार की बीमारियां पनप सकती हैं उनका कहना है कि नगर कौंसिल प्रशासन इस तरफ ध्यान दे तथा जहां पर सफाई व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करवा पानी की निकासी का प्रबंध करें। ताकि वहां पर कार्य करने वाले

कर्मचारियों तथा आने वाले लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। इस संबंध नगर कौंसिल के कार्यकारी अधिकारी बलजीत सिंह से संपर्क किया गया उन्होंने कहा कि बरसात के कारण यह परेशानी आ रही है जल्द ही सफाई करवा दी जाएगी।

## राम गोपाल मंदिर की संपत्तियां आएंगी एकसमान पट्टा व्यवस्था के दायरे में



**दिव्य दिल्ली : विनय महाजन (नूरपुर)**

**नूरपुर** प्रदेश के डमटाल में स्थित ठाकुर राम गोपाल मंदिर में आज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई ' जिसकी अध्यक्षता इंदौरा विधायक मलेंद्र राजन ने की। बैठक में ट्रस्ट के सरकारी-गैर सरकारी सदस्यों के साथ एसडीएम इंदौरा डॉ सुरेंद्र ठाकुर सहित लोक निर्माण, वन, विकास खंड सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में मंदिर के जीर्णोद्धार, चारदीवारी निर्माण, गौ-सैंक्षुअरी व मरम्मत कार्यों हेतु विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने का निर्णय लिया गया। साथ ही, राजस्व अभिलेखों की जांच, सीमांकन और स्थल निरीक्षण की प्रक्रिया शुरू करने की सहमति बनी।

मंदिर ट्रस्ट की संपत्तियों की समुचित विधिक व प्रशासनिक देखरेख के लिए पूर्णकालिक कर्मचारी, राजस्व विशेषज्ञ व विधिक सलाहकार की नियुक्ति पर भी चर्चा हुई, ताकि कोर्ट में लंबित मामलों में मंदिर का हित सुरक्षित रह सके। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ कि मंदिर ट्रस्ट की समस्त भूमि और संपत्तियों को मंदिर भूमि पट्टा दिशा-निर्देश, 2004 के तहत लाया जाएगा। वर्तमान में विभिन्न शर्तों पर काबिज उपयोगकताओं के बीच की असमानता को समाप्त कर एकरूप व्यवस्था लागू की जाएगी। इसके अतिरिक्त, मंदिर की आधिकारिक वेबसाइट बनाने तथा आरती का सीधा प्रसारण शुरू करने का निर्णय भी लिया गया, जिससे श्रद्धालु देश-विदेश से मंदिर से जुड़े रह सकें।बैठक में सभी सदस्यों ने मंदिर के संरक्षण और विकास में पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया

## नेशनल हाईवे के पास बने मंदिर को हटाने आई टीम का हिंदू संगठनों ने किया विरोध

**दिव्य दिल्ली : कमल रंधावा (पठानकोट)**



नेशनल हाईवे के पास बने मंदिर को हटाने आई टीम का हिंदू संगठनों द्वारा जमकर वीरो विरोध प्रदर्शन किया गया। इस विरोध के चलते खाली हाथ लौटना पड़ा टीम को। सुजानपुर नेशनल हाईवे पर पुल नंबर पांच के पास बने मंदिर को तोड़ने के लिए आज नहरी विभाग की टीम के लोग एसडीओ प्रदीप कुमार, तहसीलदार पठानकोट दिव्या सिंगला के साथ पहुंचे। सूचना मिलते अखिल भारतीय हिंदू सुरक्षा समिति के प्रदेश चेयरमैन सुरेंद्र मन्हास, ललित वर्मा , सुरिंदर शर्मा, राजेश कुमार राजू सहित काफी संख्या में लोगों तथा महिलाएं वहां पर पहुंच गई तथा पंजाब सरकार के खिलाफ नारे बाजी शुरू कर दी गई। इस मौके पर तहसीलदार ने लोगों के साथ बात की तथा कहा कि हाई कोर्ट के निर्देश के अनुसार ही कार्रवाई शुरू की गई है। लेकिन लोगों के विरोध के चलते कार्रवाई को रद्द करना पड़ा । इस मौके पर प्रदेश चेयरमैन सुरेंद्र मन्हास ने कहा कि जहां पर मंदिर हिंदूवस्थाओं का प्रतीक है तथा पिछले काफी वर्षों से जहां पर श्रद्धालु माथ टेकने के लिए आते हैं।

## बिजली महादेव रोपवे के विरोध में उतरे ग्रामीण

**दिव्य दिल्ली**





हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिला के खराहल घाटी पर बसे भगवान बिजली महादेव तक सैलानियों की पहुंच आसान हो सके। इसके लिए केंद्र सरकार के द्वारा ढाई सौ करोड रुपए की लागत से रोपवे का निर्माण किया जा रहा है। इन दिनों रोपवे निर्माण के लिए वन विभाग के द्वारा जंगल में पेड़ों को काटने की प्रक्रिया को भी पूरा किया जा रहा है। लेकिन जंगल में हो रहे पेड़ कटान के वीडियो और फोटो को देखकर स्थानीय लोगों ने रोपवे का विरोध करना शुरू कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जंगल को काटकर जो विकास किया जा रहा है। वह स्थानीय लोगों को बिल्कुल भी मंजूर नहीं है। इसी मुद्दे को लेकर खराहल घाटी के ग्रामीणों के द्वारा कल्लू के रामशिला में धरना प्रदर्शन किया गया और सरकार से मांग रखी गई कि इस रोपवे को रद्द किया जाना चाहिए। रामशिला में प्रदर्शन को करने पहुंचे ग्रामीण कंचन, विजय कुमार, शांता देवी और हेमा शर्मा ने बताया कि इससे पहले भी भारत के कई पहाड़ी इलाकों में विकास के लिए जंगलों को काटा गया। लेकिन बाद में वहां पर लोगों को प्राकृतिक आपदा का सामना करना पड़ा। ऐसे में खराहल घाटी के लोग ऐसा बिल्कुल भी नहीं चाहते हैं कि जंगल कटान के चलते उनके इलाके में कोई प्राकृतिक आपदा का प्रकोप उन्हें झेलना पड़े।

## इनरव्हील क्लब सोलन मिडटाउन ने स्थापित किया आकर्षक सेल्फी पॉइंट

**दिव्या दिल्ली**






इनरव्हील क्लब सोलन मिडटाउन ने सत्र 2025-26 का पहला प्रोजेक्ट गंज बाजार पार्क, सोलन में एक नए और आकर्षक सेल्फी पॉइंट की स्थापना की। इस सेल्फी पॉइंट का उद्घाटन सोलन शहर की मेयर श्रीमती उषा शर्मा और डिस्ट्रिक्ट 308 की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन पूजा गोयल द्वारा किया गया। क्लब अध्यक्ष श्रीमती अंजू पब्याल ने बताया कि इस सेल्फी पॉइंट के लगने से न केवल स्थानीय लोगों और पर्यटकों को एक अच्छा स्थान मिलेगा, बल्कि इनरव्हील क्लब का नाम भी सभी लोगों तक पहुंचेगा और नई पहचान बनेगी। यह पार्क में आने वाले लोगों के लिए एक नया आकर्षण होगा और उन्हें अपने दोस्तों और परिवार के साथ फोटो खींचने का अवसर प्रदान करेगा। इस अवसर पर नगर निगम से बिमला वर्मा, संयुक्त आयुक्त, अल्पना ठाकुर, सहायक अभियंता, और कोमल कनिष्क अभियंता क्लब के सदस्य उपस्थित रहे। हमें उम्मीद है कि यह सेल्फी पॉइंट हमारे शहर की सुंदरता में चार चांद लगाएगा और लोगों के लिए एक आकर्षक स्थल बनेगा, जिससे सोलन शहर की तस्वीर भी बदलेगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

## चीफ इंजीनियर कार्यालय के बाहर रोजगार की मांग को लेकर 98वें दिन भी रोष प्रदर्शन किया

**दिव्य दिल्ली : कमल (पठानकोट)**



शाहपुर कंडी बैराज बांध विस्थापित परिवारों ने अपने रोजगार की मांग को लेकर 98 वें दिन भी अपनी भूख हड़ताल व रोष प्रदर्शन जारी रखा। यह रोष प्रदर्शन व भूख हड़ताल बैराज बांध औसती कमेटी शाहपुर कंडी के पदाधिकारी कामरेड जसवंत संधू की देखरेख में , डैमेज प्रशासन के चीफ इंजीनियर कार्यालय के बाहर चल रहा है, जिसमें आज लियाकत अली मैरा, धीरज कुमार शाहपुर कंडी, टिशू कुमार शाहपुर कंडी, रविंद्र शर्मा जैनी व सुखदेव मैरा ने अपनी भूख हड़ताल जारी रखी। रोष प्रदर्शन कर रहे विस्थापित परिवारों में से जिनमें कामरेड जसवंत संधू, सुरजीत सिंह, रविंद्र बाबा, रोहित कुमार , पूर्व सरपंच रमेश कुमार, आदर्श वाला, सुनीता देवी, विनोद कुमारी, बीतू देवी, कमलेश कौर, रजनी देवी, गुरमीत कौर, यशोदरा देवी, राहुल शर्मा, अमन कुमार, अंशु शर्मा, विनय कुमार, थुडु राम, कुलदीप शर्मा, धर्मपाल , हरनाम सिंह, चैन सिंह व अन्य कई प्रभावित परिवार शामिल हुए।

विस्थापित परिवारों ने कहा कि ,एक तरफ सरकार घर घर रोजगार देने के दावे व वादे कर रही है,वहीं पर प्रभावित हुए परिवारों की कोई सुध नहीं ली जा रही है। कमेटी ने बताया कि यदि उनके प्रभावित हुए परिवारों के लिए रोजगार देने के लिए शीघ्र ही सकारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो वह 15 जुलाई को फिर से चीफ इंजीनियर में कार्यालय के बाहर विशाल रोष प्रदर्शन करेंगें।

## पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचन के लिए निर्वाचन अधिकारी नियुक्त

**दिव्य दिल्ली:अमरप्रीत सिंह (सोलन)**

जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने पंचायती राज संस्थानों के निर्वाचन के सम्बन्ध में आदेश जारी किए हैं। मनमोहन शर्मा ने यह आदेश हिमाचल प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 30 के अंतर्गत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किए हैं। आदेशों के अनुसार जिला सोलन के सभी खण्ड विकास अधिकारियों को पंचायती राज संस्थानों के निर्वाचन के संचालन के लिए अपने-अपने खण्ड में निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## सराज आपदा राहत के लिए बंजार भाजपा परिवार ने भेजी राहत सामग्री





**दिव्य दिल्ली : मनीष ठाकुर (सराज)**

आपदा के बाद के कठिन दौर से जूझ रहे सराज क्षेत्र के लिए प्रदेशभर से सहायता मिल रही है। समाजसेवी संस्थाएं, स्वयंसेवक और राजनीतिक संगठन प्रभावितों की मदद के लिए आगे आ रहे हैं। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी संगठन भी प्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से सराज क्षेत्र के लिए राहत सामग्री भेज रहा है। आज बंजार विधानसभा क्षेत्र के भाजपा परिवार द्वारा विधायक सुरेंद्र शौरी की अगुआई में राहत सामग्री की गाड़ी सराज क्षेत्र के लिए रवाना की गई। विधायक शौरी ने जानकारी देते हुए बताया कि राहत सामग्री में दैनिक उपयोग के बर्तनों की 60 किटें भेजी गई हैं। इसके अतिरिक्त वे स्वयं भी अपनी टीम सहित सराज क्षेत्र के राहत व पुनर्वास कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए रवाना हुए हैं। उन्होंने बताया कि बंजार विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकताओं ने स्वेच्छा से योगदान कर यह राहत सामग्री एकत्रित की है। आपदा की इस विकट घड़ी में वे अपने पड़ोसी सराज क्षेत्र की जनता के साथ पूर्ण समर्पण भाव से खड़े हैं और हर संभव सहायता देने को तत्पर हैं।

## अवैध खनन के विरुद्ध पुलिस ने कार्यवाही करके 7 आरोपियों के विरुद्ध किया मामला दर्ज

**दिव्य दिल्ली : विनय महाजन (नूरपुर)**



जिला पुलिस नूरपुर द्वारा अवैध खनन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज फिर से एक बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया गया। यह क्षेत्र पंजाब हिमाचल प्रदेश की सीमा से सटा हुआ क्षेत्र है जहां पर अवैध खनन की शिकायत काफी सालों से संबंधित विभागों के पास मौजूद थी ' इस अभियान के अंतर्गत जिला पुलिस नूरपुर की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नूरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नक्की खड्?ड क्षेत्र में भारी मात्रा में अवैध खनन पर तुरंत कार्यवाही करके मौके पर पहुंचकर छापेमारी की। मौके पर दो स्थानों पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों व लोडर मशीनों के माध्यम से खनन कार्य चल रहा था। पुलिस ने जब मौके पर मौजूद व्यक्तियों से खनन कार्य हेतु वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा तो आरोपी कोई भी वैध अनुमति या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके ' मौके से कुल तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों एवं दो लोडर मशीन जब्त की गई। इसके अतिरिक्त एक व्यक्ति द्वारा पुलिस कार्यवाही में बाधा उत्पन्न की गई तथा उपस्थित लोगों को पुलिस के विरुद्ध भड़काने का भी प्रयास किया गया।इस अवैध खनन में शामिल आरोपियों के नाम रवि सिंह सुलायली( हिमाचल प्रदेश). मुकेश सिंह निवासी पंगड़ी( पंजाब) कुलदीप सिंह निवासी पंगुड़ी (पंजाव) रितेश कुमार निवासी देवभराडी ( हिमाचल प्रदेश) अमनकुमार निवासी ओद( हिमाचल प्रदेश)कुलदीप निवासी पारनाला( हिमाचल प्रदेश) बलविंदर सिंह निवासी देव भराड़ी ( हिमाचल प्रदेश) है

## सीमा के रक्षकों को मिलता है महज 6 हजार मासिक वेतन

**दिव्य दिल्ली : विनय महाजन (नूरपुर)**

हिमाचल प्रदेश के सीमांत जिलों चंबा और लाहौल-स्पीति में तैनात 526 एसपीओ (विशेष पुलिस अधिकारी) पिछले 26 वर्षों से अपनी जान जोखिम में डालकर सीमाओं की सुरक्षा में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इन अधिकारियों को जम्मू-कश्मीर के एसपीओ के बराबर मानदेय व भत्ते दिए जाने की मांग अब तेज हो गई है। इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता व डलहौजी के इंजीनियर पंचम शर्मा ने पुलिस महानिदेशक हिमाचल प्रदेश को ज्ञापन भेजकर यह मांग उठाई है। उन्होंने काँगड़ा-चंबा के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज को भी ज्ञापन सौंपते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय से इस पर अधिसूचना जारी करवाने की सिफारिश की है। शर्मा ने कहा कि 1998-99 में चंबा और लाहौल-स्पीति में आतंकवादी घटनाओं के बाद से एसपीओ पुलिस चौकियों व थानों की सुरक्षा में तैनात हैं, मगर उन्हें केवल ?6,000 प्रतिमाह मानदेय मिल रहा है। जबकि जम्मू-कश्मीर में एसपीओ को भारत सरकार ?18,000 प्रतिमाह दे रही है।ज्ञापन में मांग की गई है कि सीमांत क्षेत्रों में तैनात हिमाचल के एसपीओ को भी जम्मू-कश्मीर गृह विभाग के आदेश (नं. 889 ऑफ 2019) की तर्ज पर समान वेतनमान दिया जाए। इस पर सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने बताया कि वे इस मुद्दे को पहले भी संसद में उठा चुके हैं और गृह मंत्री अमित शाह से मिलकर इसे उनके समक्ष रखा था। उन्होंने आश्वस्त किया कि आगामी संसद सत्र में इस विषय को दोबारा उठाया जाएगा। पंचम शर्मा ने उम्मीद जताई कि सरकार इस मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर सीमाओं की सुरक्षा में जुटे इन जवानों को उनका उचित हक देगी।


Published, printed and owned by Rajesh.Chauhan, printed at B B Graphic printer Z--57 Okhla Industrial Area ph.2 New Delhi -110020 and published at BG 6 305 B Paschim Vihar New Delhi --110063 Editor Rajesh.Chauhan. E mail ID-rajeshchauhan4569@gmail.com, Contact No. - 9873104569, RNI No DELENG/2013/54397